हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025




# 43 उपभोक्ताओं से बैंक कर्मी ने की ढाई करोड़ की ठगी, पत्नी सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बैंक के ग्राहकों से फ्रॉड करने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने बैंक कर्मचारी आरोपी एवं उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से एक नग कार हुंडई क्रेटा, बांड पेपर, एक नग लैपटॉप, एक नग मोबाइल फोन, बैंक पासबुक एवं एटीएम कार्ड जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी शाखा प्रबंधक रिंकू कुमार 37 साल एक्सिस बैंक लिमिटेड डोंगरगढ़ ने 26 जुलाई को लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी उमेश गोरले पूर्व बैंक कर्मचारी शाखा एक्सिस बैंक, बैंक के 6 ग्राहकों से कुल 10686528 रुपए माह नवबंर 2022 से माह अप्रैल 2025 के बीच स्वयं बैंक कर्मचारी होते हुए धोखाधड़ी एवं ग्राहकों के नाम से फर्जी ऋण एवं ग्राहकों के खातों से अनुचित तरीके से ग्राहकों के साथ अपनी निजी स्वार्थ हेतु व्यक्तिगत तौर पर धोखाधड़ी कर राशि आहरित किया है। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा-318(4) 316(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार मामले में आरोपी उमेश गोरले के विरूद्ध अब तक विभिन्न बैंक खाता धारकों से कुल 43 शिकायत प्राप्त हो गया है। जिसमें करीबन 2.5 करोड़ रुपए धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। जिसकी विवेचना की जा रही है।

## डोंगरगढ़ के एक्सिस बैंक का मामला, पत्नी-मां के खाते में भेजी रकम

### पुलिस ने पकड़ा, पूछताछ में खुलासा

पुलिस के अनुसार आरोपी रिपोर्ट दिनांक से फरार था। जिसका पता तलाश कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी उमेश गौरले द्वारा बताया गया कि विभिन्न खाता धारकों से उनका आईडी पासवर्ड बनाकर नेट बैंकिग के माध्यम से, चेक से आहरण कर, एफडी एकाउंट से ओवर ड्राफ्ट निकालकर फ्राड करता था एवं फ्राड के पैसे को मन्नापुरम गोल्ड लोन एकाउंट में ट्रांसफर करके जिसमें उमेश गोरले का बैंक एकाउंट लिंक रहता था। उसके बाद फ्राड के पैसों को अपने-अपने लिंक्ड एसबीआई एवं एक्सिस बैंक के खाते से अपनी पत्नी एवं मां के खाता में ट्रांसफर करता था। खाता में पैसा आने की जानकारी उसकी पत्नी को रहती थी।



### कार सहित लैपटॉप व अन्य सामान जब्त

प्रकरण में उमेश गोरले की माता की भूमिका की भी जांच की जा रही है प्राथमिक पूछताछ के दौरान माता का एकाउंट आरोपी उमेश गोरले के मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी से लिंक होना पाया गया है। उमेश गोरले द्वारा फ्राड के रकम से खरीदे गए एक नग कार हुंडई क्रेटा, बांड पेपर, एक नग लैपटॉप, एक नग मोबाइल फोन, बैंक पासबुक एवं एटीएम कार्ड को जब्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी उमेश गोरले बैंक कर्मचारी लोक सेवक होते हुए धोखाधड़ी करना पाए जाने से आरोपी के विरूद्ध धारा 316(5) बीएनएस जोड़ी गई है। पुलिस के अनुसार अब तक विवेचना में आरोपी उमेश गोरले एवं उसकी पत्नी के विरूद्ध धारा-318(4), 316(5) बीएनएस का अपराध घटित करने का पर्याप्त सबूत पाए जाने से 3 अगस्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

---

0 **राजनांदगांव।** साकेत साहित्य परिषद सुरगी राजनांदगांव के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू की छत्तीसगढ़ी वार्ता आजादी के लड़ई म छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानी मन के योगदान का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर केंद्र से समन्वित कार्यक्रम मोर भुइयां के अंतर्गत 5 अगस्त को सुबह 8.30 बजे किया जाएगा।

---

## पिछले एक सप्ताह से जारी तहसीलदार-नायब तहसीलदारों की हड़ताल का असर

# तीन जिलों में साढ़े छह हजार मामले लंबित नामांतरण-सीमांकन सहित कई काम ठप!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले एक सप्ताह से जारी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की हड़ताल की वजह से राजस्व महकमे का काम पटरी से उतर गया है। हालात यह है कि अविभाजित जिले में करीबन साढ़े छह हजार लंबित मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। सीमांकन, बटांकन और नामांतरण जैसे कामों के लिए भी लोगों को हड़ताल समाप्त होने का इंतजार करना पड़ रहा है। इधर हड़ताल में डटे तहसीलदारों का कहना है कि उनके संघ की मांग पूरी नहीं होने तक यह हड़ताल जारी रहेगी। ऐसे में लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि का दौर ऐसे ही जारी रहने वाला है।

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के आह्वान पर तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने सामूहिक अवकाश लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की है। 17 सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने 17 जुलाई को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। कोई कार्रवाई न होने पर 21 से 26 जुलाई तक उन्होंने निजी संसाधनों से सरकारी कामकाज बंद रखा। इसके बाद 28 जुलाई को जिला स्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर विरोध प्रदर्शन किया। 29 जुलाई को संभाग और राज्य स्तर पर प्रदर्शन हुए और 30 जुलाई को प्रदेश स्तर पर राजधानी रायपुर में धरना दिया गया। इसके बावजूद कोई समाधान न मिलने पर आंदोलन चौथे चरण में प्रवेश कर प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी गई है।

### नांदगांव में 3806, केसीजी में 1666 और एमएमसी में 985 प्रकरण लंबित

- अप्रैल से अब तक मामलों की स्थिति (राजनांदगांव)
- कुल प्रकरण दर्ज 16561
- कुल प्रकरण निराकृत 12755
- लंबित प्रकरण 3806



### केसीजी में 1666 और एमएमसी में 985 प्रकरण लंबित

*राजनांदगांव जिले की तरह ही दोनों नवगठित जिलों में भी हड़ताल की वजह से सैकड़ों मामले लंबित पड़े हुए हैं, जहां खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 1666 मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। जबकि इस वित्तीय वर्ष यहां कुल 7605 प्रकरण दर्ज हुए और 5927 का निराकरण हो पाया। वहीं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 985 ऐसे प्रकरण हड़ताल की वजह से अटके हुए हैं। यहां इस वित्तीय वर्ष 4933 प्रकरण दर्ज हुए और इनमें 3946 निराकृत किए गए।*

### जिले में 3785 मामले अटक गए

राजनांदगांव जिले में हड़ताल की वजह से करीबन 3785 राजस्व मामलों की सुनवाई अटक गई है। इनमें सर्वाधिक 529 मामले राजनांदगांव तहसील में अटके हुए हैं। ऐसे ही नजूल जांच में 255, एसडीएम कोर्ट डोंगरगढ़ में 201, न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ में 200, न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव में 197, न्यायालय नजूल नियमित में 186, न्यायालय तहसीलदार छुरिया में 173, न्यायालय कलेक्टर में 155, न्यायालय तहसीलदार एलबी नगर में 141 प्रकरण लंबित हैं।

### जाति, आय भी अटके

राजस्व व अन्य कार्य संबंधित साढ़े तीन हजार से ज्यादा मामले लंबित हैं, लेकिन हड़ताल के कारण इन मामलों की सुनवाई नहीं हो पाई। नकल निकालने, त्रुटि सुधार, आय, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व संबंधित कार्य के लिए लोग तहसील कार्यालय पहुंचे, लेकिन अधिकारियों के नहीं होने के कारण कोई काम नहीं हुआ। शिक्षा सत्र की शुरूआत के साथ ही विभिन्न प्रमाण पत्रों की आवश्यकता बढ़ गई है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

### यह मांग शामिल

तहसीलों में कम्प्यूटर ऑपरेटर, चपरासी, डब्लूबीएन, केजीओ नायब नाजिर, माल जमादार, भृत्य, वाहन चालक, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की पदस्थापना की जाए। तहसीलों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा की बाध्यता से मुक्त किया जाए। तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति दी जाए। राजस्व न्यायालयों की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी, एसएलआर, एएसएलआर की बहाली आदि प्रमुख रूप से शामिल है।

---


संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
• टीकाकरण
• नेबुलाइजेशन
• ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
• आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
• CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
• वेंटिलेटर
• एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
• पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
• बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
• ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
• नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
24x7 Emergency Services
प्रदेश के सुप्रसिद्ध पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग विशेषज्ञ
डॉ. अर्पण जैन
एमबीबीएस, एमडी (गोल्ड मेडलिस्ट), डीएम (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट)
आपके शहर राजनांदगांव में
पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग के लक्षण
भूक न लगना, एसीडिटी, पेट में दर्द, जलन, घाव,गांठ,पानी भरना, टी.वी. होना, लीवर में चर्बी जमना, आंतों का कैंसर, हेपेटाईटिस, पित्त की नली में पथरी, खाना न पचना व अन्य
समस्त एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी प्रक्रियाएं
पैन्क्रियाटाइटिस एवं पैंक्रियाज के कैंसर का इलाज
दिनांक : 05 अगस्त 2025, मंगलवार
स्पर्श चाईल्ड केयर
बीएसएनएल माइक्रोवेब टॉवर के पास, भदौरिया चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
समय दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
-: अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें :-
90981 22633, 7773010942
Deepak Advts.




# एक्सीडेंट का बहाना बनाकर ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



एक्सीडेंट होने का बहाना बनाकर आरोपी ने प्रार्थिया से लगभग 7 लाख 35 हजार रुपए की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने 31 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज काराया कि आरोपी जयप्रकाश बघेल 30 वर्ष साकिन ढनढन थाना तखतपुर जिला बिलसपुर से 2 वर्ष पहले फेसबुक सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान हुआ, जो मोबाइल के माध्यम से एक्सेज किए थे। आरोपी अपना परिचय सिविल इंजीनियर पीडब्ल्यूडी में सरकारी कर्मचारी बताकर प्रार्थिया के घर शादी का रिश्ता लेकर घर आया। रिश्ता की बात तय होने पर आरोपी प्रार्थिया से कार एक्सीडेंट का बहाना बताकर कुल 7,35,000 रुपए अपने फोन-पे के माध्यम से धोखाधड़ी किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा-318(4) बीएनएस कायम कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# गांजा तस्करी के आरोपी के खिलाफ एक्शन, चार करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति जब्ती के आदेश

- जिले में अवैध मादक पदार्थ के खरीदी-बिक्री करने वाले के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांजा तस्करी के मामले में करीबन तीन साल पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी पुखराज चंदेल की संपत्ति जब्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। सफेमा कोर्ट मुंबई द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब आरोपी द्वारा गांजा तस्करी से अर्जित लगभग चार करोड़ की संपत्ति जब्त की जाएगी। इसमें उसके दो पहिया, चार पहिया वाहन के साथ ही जमीन शामिल है।

जिले में अवैध मादक पदार्थ के खरीदी-बिक्री करने वाले के विरूद्ध



विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन में समस्त थाना व चौकी द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ गांजा, नशीली टेबलेट, अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है तथा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध एण्ड टू एण्ड कार्रवाई करने के निर्देश प्राप्त होने पर सभी थाना व चौकी द्वारा एण्ड टू एण्ड कार्रवाई की जा रही है। अवैध मादक पदार्थ खरीदी-बिक्री कर अवैध संपत्ति अर्जित करना पाए जाने पर प्रकरण में अवैध संपत्ति प्रकरण में एटैच करने के निर्देश दिए गए हैं।

### चल-अचल संपत्ति की जांच

थाना कोतवाली के अप. क्र. 129/22 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में आरोपी पुखराज सिंह चंदेल द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीदी-बिक्री कर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित किया गया है। जिसके संबंध में उसके परिवारिक पृष्ठभूमि एवं बैंक खातों का डिटेल, चल-अचल संपत्ति की जानकारी, आरटीआई फाईल करने संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई, जो पुखराज सिंह चंदेल एवं उनके परिवार की संपत्ति आरटीआई फाईल करने से तुलनात्मक दृष्टिकोण से अध्ययन किया गया, जो संपत्ति पुखराज सिंह एवं उनके परिवार की संपत्ति है, वह तुलनात्मक रूप से कई गुना अधिक पाई गई।

### जमीन, वाहन जब्त

मादक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1955 के अध्याय ट. के तहत थाना सिटी कोतवाली में आरोपी पुखराज चंदेल 55 वर्ष साकिन तुलसीपुर के विरूद्ध मादक पदार्थों की बिक्री के माध्यम से अवैध रूप से अर्जित संपति की जब्ती कार्रवाई की गई। आरोपी द्वारा अपने एवं परिवार के नाम पर ग्राम बहेराभाठा, जुरलाखुर्द, सुकुलदैहान में गांजा की अवैध बिक्री से कमाई रकम से खरीदे गए जमीन, दो पहिया, चार पहिया वाहन, जेवरात एवं विभिन्न बैंकों में जमा किया गया लगभग चार करोड़ रुपए की माननीय सफेमा कोर्ट मुंबई द्वारा विधिवत धारा 68 थ एनडीपीएस के तहत जब्ती/फ्रीजिंग की कार्रवाई की जा रही है।

---

## सुबह से शाम तक शिवमय रहेगा अंचल का वातावरण, तैयारी पूरी

# अंतिम सोमवार आज, 9 को समाप्त होगा सावन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन माह का आखरी सोमवार 4 अगस्त हो है, जिसे लेकर भक्तों में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। मंदिरों में सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति बनी रहेगी। इस दौरान भगवान शिव के अभिषेक के साथ ही विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

ज्ञात हो कि सावन माह लगते ही अंचल में भगवान शिव की भक्तिमय माहौल निर्मित है। इस दौरान जहां भगवान शिव का भक्तों द्वारा विशेष अभिषेक किया जा रहा है। वहीं पूजा-अर्चना के साथ ही विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। कल सावन माह में चार सोमवारों का योग था। जिसमें तीन सोमवार गुजर चुके हैं। कल 4 अगस्त को सावन माह का अंतिम सोमवार पड़ रहा है।



### मंदिरों में होंगे विशेष अभिषेक

अंचल के शिव मंदिरों में सावन माह के अंतिम सोमवार को विशेष पूजा-अर्चना करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई है। शहर के शीतला मंदिर, मां पाताल भैरवी मंदिर, काली माई मंदिर पुराना बस स्टैंड, भरकापारा शिव मंदिर, मोतीनाथ मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, शिव मंदिर बांसपाईपारा, शंकरपुर शिव मंदिर, नया बस स्टैंड बल्देवबाग शिव मंदिर, मोहारा शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति बनी रहेगी। मंदिरों में ओम नमः शिवाय की गूंज रहेगी। इधर बाजार के जयस्तंभ चौक के पास पूजा-अर्चना की सामग्रियों की दुकानें सजी रही, जहां से भक्तों ने पूजा सामग्रियों की खरीदी की। 4 अगस्त को दिनभर भक्ति भाव का वातावरण निर्मित रहेगा। वहीं विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किए जाएंगे।

**भोर होते ही कांवड यात्रा :** सावन माह में अंचल सहित शहर में भगवान महाकाल की भव्य पालकी निकाले जाने एवं कांवड यात्रा निकालने का वातावरण निर्मित है। 4 अगस्त को सुबह से ही कांवड़ियों की उपस्थिति शहर के शिवनाथ नदी तट मोहारा में बनेगी, जहां स्नान-ध्यान कर भक्त कांवड में नदी का जल लेकर मंदिर पहुंचेंगे और श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान नंदई से मोहारा रोड में कांवड़ियों की उपस्थिति बनी रहेगी।

### शीतला मंदिर से निकलेगी महाकाल पालकी

इधर शहर में महाकाल की भव्य पालकी कल सोमवार को शहर के शीतला मंदिर से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा के रूप में यह पालकी शीतला मंदिर सोनारपारा से होते हुए फौव्वारा चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, भारत माता चौक, गंज चौक, लोहारपारा होते हुए काली माई मंदिर पुराना बस स्टैंड के पास पहुंचेगी, जहां विश्राम होगा। बाजे-गाजे एवं पारंपरिक लोक नृत्य, भजन-कीर्तन के साथ निकलने वाली इस महाकाल यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति होने की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर महाकाल पालकी यात्रा का स्वागत सत्कार करने के लिए समाजसेवियों द्वारा पंडाल भी लगाया जाएगा।


गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### तरूणा ने दी पंडवानी की प्रस्तुति

**तुमड़ीबोड़।** गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव का दो दिवसीय आयोजन विधायक दलेश्वर साहू के आलीवारा स्थित फार्म हाउस में किया गया। आयोजन के पहले दिन जीआरपीएफ इंस्पेक्टर तरुणा साहू ने पंडवानी की शानदार प्रस्तुति दी।

### बोदेला, पनियाजोब में रूद्रपूजा आज

**तुमडीबोड़।** सावन मास के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को ग्राम बोदेला में सुबह 11 बजे और पनियाजोब में अपरान्ह 3 बजे रूद्र पूजा का आयोजन रखा गया है। पूजा में आधात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित द आर्ट आफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर बैंगलोर के स्वामी विभूधानंद शामिल होकर वैदिक मंत्रों के साथ रूद्र अभिषेक करेंगे। द आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े कौशल प्रसाद वर्मा, सत्यदेव साहू ने श्रद्धालुओं से आयोजन में सम्मलित होने की अपील की है। यह जानकारी अमरनाथ साहू ने दी।

### छात्र-छात्राओं ने किया पौधरोपण



**खड़गांव।** स्थानीय न्यू ग्रीन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल की कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अपने घरों में पौधरोपण किया। संस्था के प्रबंधक चाहत तंबोली के नेतृत्व में पौधे लगाए गए। इस मौके चाहत तंबोली ने पेड़ को मनुष्य जीवन के लिए आवश्यक बताते हुए सभी से अपने जीवन में कम से कम पांच पेड़ प्रत्येक वर्ष लगाने प्रेरित किया ताकि पर्यावरण शुद्ध रहे। पौधरोपण करने वाले छात्र छात्राओं में वरनिका, शिवानिया, रिया कोरेटी, अनिका, गीतांशी मिश्रा, आराध्या मिश्रा, सुष्मिता मंडावी, प्रियांशी पटेल, अंजल मंडावी, शिबानी नुरेटी आदि शामिल थे।

### कला उत्सव में आभा राजपूत प्रथम



**बांधाबाजार।** स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य साक्षरता मिशन द्वारा गत दिनों जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया। कला उत्सव के कहानी वाचन विधा में हायर सेकेंडरी स्कूल सिंघाभेड़ी की छात्रा आभा राजपूत ने शिक्षक वीरभद्र लाड़े और शिक्षिका ममता वर्मा के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आभा ने विषयानुरूप परिधान एवं बेहतरीन हावभाव, वाचन कौशल के साथ प्रस्तुति दी। अब आभा राज्य स्तर प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधत्व करेगी। आभा राजपूत ग्राम सिंघाभेड़ी के शाला प्रबंध समिति के सदस्य सूर्यप्रकाश राजपूत की सुपुत्री है। आभा को प्राचार्य रुपेश तिवारी, शाला समिति के अध्यक्ष अशोक निर्मलकर, शिक्षक शिक्षिकाओं आदि ने बधाई दी है।

### तुलसीदास- प्रेमचंद को किया याद

**चिचोला।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बजरंगपुर में गोस्वामी तुलसीदास एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाया गया। इस मौके पर उनके योगदान को याद कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। बच्चों को साहित्य के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदानों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, शिक्षक हुमनसिंह पिस्दा, कांति साहू, रामनारायण साहू शामिल हुए।

## महीनों से खाद के लिए भटक रहे 12 गांव के किसान

# खाद नहीं मिलने से नाराज सैकड़ों किसानों ने सोसायटी में बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

सेवा सहकारी समिति ब्राह्मनी चारभाठा में किसानों ने यूरिया, डीएपी सहित अन्य खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलने के बाद शनिवार को सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर हल्ला बोला। इस सोसायटी से 12 गांव के 1800 किसानों को खाद का वितरण किया जाता है। धान की बोआई, बियासी और धान रोपाई कार्य लगभग समाप्त होने के बाद भी पर्याप्त खाद नहीं मिलने के कारण किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और आक्रोशित किसान खाद की मांग को लेकर सोसायटी पहुंच गए। बडी संख्या में उपस्थित किसानों ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से यूरिया, डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने साफ शब्दों में कहा कि अगर दो दिवस के भीतर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो ताला लगाकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने जिलाधीश, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष एवं उपसंचालक कृषि को पत्र प्रेषित कर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार ब्राह्मनी चारभाठा सोसायटी से अब तक 3200 बोरी यूरिया खाद का वितरण हुआ है जबकि पिछले वर्ष 8000 बोरी यूरिया खाद का वितरण हुआ था। इसी प्रकार इफको खाद 182 टन का वितरण हुआ है जबकि पिछले वर्ष 312 टन खाद वितरण हुआ था। डीएपी खाद 74 टन वितरण हो चुका है जबकि बीते साल 63 टन खाद बांटा गया था।



### 300 किसान खाद से वंचित

प्रभारी समिति प्रबंधक ने बताया कि 1800 किसानों में से लगभग 300 ऐसे किसान है जिन्हे अब तक कोई भी खाद नहीं मिली है। मोरकुटूम्ब के गद्दूर कतलाम ने बताया कि 12 एकड़ खेत के लिए अभी तक एक बोरी भी खाद नहीं मिली है। वह अब अपने खेत में खाद नहीं डाल पाए हैं जिससे उत्पादन में भारी कमी आने की संभावना है।उपस्थित किसानों ने प्रशासन से तत्काल यूरिया, डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। इस अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष शिवा मिश्रा, छबिलाल यादव, मायाराम साहू, विश्वनाथ चंद्रवंशी, वासुदेव, अखलूराम, खिलावन साहू, मुकेश कुमार, जगन्नाथ, हरदेव कतलाम, सुरेश सोरी, चैनसिंह सोरी, भागुराम, ईश्वर, अकलूराम, तुलाराम, पतराम साहू, प्रकाश साहू, महेशराम, पतीराम, फतूराम, मनसुराम, लखन लाल, सुंदरलाल, कृपाराम, साहेबदास, पद्मभूषण साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# चोरी के मामले का अब तक खुलासा नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

पुलिस अफसरों के निर्देश के बाद भी अपराधों पर अंकुश नहीं लग रहा है। चोर पुलिस को चुनौती देते हुए घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सुकूलदैहान चौकी क्षेत्र के ग्राम सिंगपुर में 5 माह पहले एक सूने मकान में लाखों की नगदी सहित जेवरात की चोरी हुई। पुलिस जांच के बीच डिलापहरी में बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।पुलिस अब तक चोरी के मामले का खुलासा नहीं कर पाई है।

सिंगपुर में हुई चोरी की घटना के कुछ दिन बाद डिलापहरी में एक बड़ी चोरी को अंजाम दिया गया।पुलिस ने जांच के दौरान चार से पांच संदिग्ध लोगों पूछताछ की लेकिन इस मामले का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। गांव में चोरी के जेवरात को नागपुर में खपाने की चर्चा है। सुकुलदैहान चौकी प्रभारी मनीष ध्रुव ने इस मामले में जल्द ही खुलासा करने की बात कह रहे हैं।

### दो जगह की चोरी एक जैसी

जिस प्रकार से चोरों ने सुने मकान को निशाना बनाकर घटना को अंजाम दिया है इससे किसी एक गैंग के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है क्योंकि दोनों जगह सूने मकान को निशाना बनाया गया है। पहले रेकी कर घर के सूने होने का फायदा उठाने का कयास लगाया जा रहा है।

# नहीं थम रही कार्यों में गड़बड़ी

## पालिका की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में सुविधा विकास के नाम से बंदरबाट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 6 सालो में नगर पालिका के 7 सीएमओ का स्थानंतरण एवं निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत के बाद पूर्व नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर एवं लेखापल को निलंबित करने की कार्रवाई के बाद सुधार होता नहीं दिख रहा है। वर्तमान नगर पालिका अधिकारी भोई के चार्ज लेने के पहले तत्कालीन नगर पालिका अधिकारी ने बैक डेट पर ही लाखों का भुगतान किया है। उल्लेखनीय है कि हाल में भवन पुताई में 13 लाख खर्च करने के बाद उसे डिस्मेंटल करने के प्रस्ताव से अधिकारी की भूमिका पर सवाल उठा था। जानकारी के अनुसार विवादों से घिरे ठेकेदार से भवन पुताई करवा कर भुगतान कर दिया गया है। मामला उजागर होने के बाद अनुविभागीय अधिकारी एके तिवारी ने तहसीलदार नीलकंठ खोब्रागडे को जांच की जिम्मेदारी सौंपी हैं।





### विद्यार्थियों ने जाना समन्वित कृषि प्रणाली

**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा एकादश, द्वादश कृषि संकाय के भैया बहिनों ने शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से प्रायोगिक जानकारी हासिल किया। कृषि संकाय प्रमुख आचार्य अनमोल पगारे, हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख के नेतृत्व में भैया बहिनों ने गत दिनों परमेश्वरी कृषि फार्म देवरी जाकर समन्वित कृषि प्रणालियों के बारे में जाना। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को फसलों की खेती के साथ मछली पालन, सुकर पालन, मुर्गी पालन इत्यादि की जानकारी उद्यमी रामचंद्र देवांगन ने दी।

# खेमचंद कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष निर्वाचित, पीयूष बने मीडिया प्रभारी

- संगठन को मजबूत करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

सतनाम भवन में कांग्रेस की बैठक आयोजित कर घुमका मंडल कांग्रेस का चुनाव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद खान की मौजूदगी में संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष खेमचंद वर्मा तथा मिडिया प्रभारी पीयूष दुबे को बनाया गया।

चुनाव के लिए आयोजित बैठक में शाहिद खान ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाने की अपील कार्यकर्ताओं से की किंतु अध्यक्ष पद के लिए खेमचंद वर्मा व छन्नू आडिल ने दावेदारी करते हुए कार्यकर्ताओं से हाथ उठाकर समर्थन माँगा। खेमचंद वर्मा के पक्ष में बहुमत होने पर उन्हें मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया। उपाध्यक्ष जयकुमार वर्मा एवं छन्नू आडिल को मनोनीत किया गया। नेमदास साहू को घुमका, ईश्वर वर्मा को चारभांठा, डेरहा वर्मा को हरडुवा का सेक्टर प्रभारी बनाया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, फूलमती वर्मा, जाकिर भाई, राजेश वर्मा, दानी वर्मा, गौरव शर्मा, प्रहलाद यादव, पीतांबर निषाद, सीताराम वर्मा, कमल बंजारे, टुमलाल वर्मा आदि मौजूद थे।चुनाव के बाद पहुंची विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों को बधाई दी।



# रोजगार के लिए भटक रहे वनांचल के युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

जिला व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष विजय जैन मित्तल ने नवयुवकों के रोजगार के लिए भटकने पर चिंता जाहिर किया है। क्षेत्र के पल्लेमाडी और गोदावरी जैसे प्लांट होने के लिए क्षेत्रीय बेरोजगार युवकों की अनदेखी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खडगांव में लगभग सात सौ घर है। ग्राम को तहसील का दर्जा हासिल है लेकिन काम के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है जिसके चलते नवयुवक बेरोजगार बैठे हैं। दो बड़ी मांइस होने के बाद भी काम नहीं मिल रहा है जिससे जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं क्षेत्रवासियों के साथ छल किया जा रहा है जबकि नियमानुसार क्षेत्र के निवासियों को काम में रखने की प्राथमिकता देना चाहिए। बताया जाता है कि राजनीति हस्तक्षेप के कारण यहां के निवासियों को काम पर नहीं लिया गया है। व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष विजय जैन ने हर घर से कम से कम एक व्यक्ति को काम पर रखने की मांग किया है तभी बेरोजगारी कम होगी और खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर क्षेत्र से पलायन की स्थिति निर्मित हो सकती है। व्यापारी संघ के तोमन साहू ने बताया कि दोनों माइंस में ज्यादातर कर्मचारी दोरबा के है जबकि खडगांव के लोगों को भी काम मिलना चाहिए। उन्होंने नवयुवकों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है।



# मतदान पत्र निर्माण कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के मार्गदर्शन में एक दिवसीय मतदान पत्र निर्माण कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में निर्वाचन विभाग के हितेश चंद्रवंशी एवं प्रवीण ठाकुर शामिल हुए। जिन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता बनने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं मतदान के महत्व की जानकारी दी। कैंप के माध्यम से लगभग 24 विद्यार्थियों का पंजीयन कर उन्हें मतदान पत्र दिया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ रेवती ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है, और मतदान के माध्यम से वह लोकतांत्रिक कर्तव्यों का निर्वहन कर सकते हैं। संचालन में स्वीप नोडल अधिकारी गुलशन सिंहा सहित एचआर पद्मे, नीलम चतुर्वेदानी आदि ने सहयोग दिया।



# नगर पंचायत की सेवानिवृत्त महिला सफाई कर्मी को विदाई



**डोंगरगांव।** नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कामगार कमलाबाई रगड़े के सेवानिवृत्त होने पर कार्यक्रम आयोजित कर ससम्मान विदाई दी गई। श्रीमती रगड़े के 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर गत 31 जुलाई को कार्यक्रम आयोजित कर बिदाई दिया गया। निकाय के कर्मचारियों ने मोमेन्टो, शाल श्रीफल, वस्त्र इत्यादि भेंटकर श्रीमती रगड़े को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने चेक प्रदान किया। कार्यक्रम में सीएमओ विनम्र जेमा, पार्षद पद्मिनी ठाकुर, निर्मलाबाई, गायत्री यादव, कोमल साहू, लेखापाल विवेक भारद्वाज सहित अन्य उपस्थित थे।

## शिक्षकों ने दिलाया शपथ और कराया दायित्व बोध

# बच्चों ने स्कूल में किया बाल केबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में गत दिनों बाल केबिनेट का गठन किया गया। पदाधिकारियों को प्रधानपाठक कोमलचंद आर्य की अध्यक्षता में चन्द्रभूषण साहू ने शपथ ग्रहण कराया।

माध्यमिक शाला में प्रधानमंत्री निशा साहू, उप प्रधानमंत्री मोहित कुमार, शिक्षा मंत्री लिलेश्वरी साहू, उप मंत्री लुकेश्वरी पटेल, खेल मंत्री यामिनी, उप मंत्री गगन यादव, स्वास्थ्य मंत्री सत्यम पटेल, उप मंत्री हंसिका पटेल, पर्यावरण मंत्री वेदांत कुमार, उप मंत्री हर्ष कुमार, कृषि मंत्री लाकेश कुमार, उप मंत्री पेमन कुमार, सांस्कृतिक मंत्री योजिता, उप मंत्री गीतांश साहू है। आठवीं में कक्षा नायक दीपिका, उप नायक आर्यन वासनिक, सातवीं नायक साक्षी, उप नायक कमलनारायण, छठवीं नायक उपासना साहू, उप नायक खिलेश कुमार को बनाया गया है। प्राथमिक शाला में प्रधानमंत्री डिपेन्द्र नायक, उप प्रधानमंत्री चंचल निषाद, शिक्षा मंत्री अंकित देवांगन, उप मंत्री टेरिमा पटेल, खेल एवं संस्कृति मंत्री टिकेश्वर, युक्ति पटेल, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री धैर्यकांत, वृष्टि साहू, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री धनांक्षी, घनिमा साहू, सुरक्षा एवं जन संपर्क मंत्री पुष्पांजली, गजेन्द्र, खाद्य मंत्री गरिमा साहू, सौम्य, कक्षा प्रतिनिधि पहली लोकेन्द्र, प्रार्थना, दूसरी चुलेखा, जयकुमार, तीसरी भाविका, नमन कुमार, चौथी गीतांजली, डोमेश्वर, पाँचवीं पुष्कर, भूमिका को बनाया गया है। इस अवसर में अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य देवांगन, मोनिका ठाकुर उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप

### स्कूल पूर्ववत संचालित करने की मांग



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने शनिवार को विद्यालयीन समय में किए गए बदलाव को छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के हितों के विपरीत बताया है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों से विद्यालयों का संचालन शनिवार को सुबह कर खेलकूद, योगा, रचनात्मक गतिविधियाँ का आयोजन किया जा रहा है। अब शाम तक विद्यालय खुलने से बच्चों की रचनात्मकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और मानसिक थकावट बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह बदलाव बच्चों को मशीन बना देने जैसा है, जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। उन्होंने शनिवार को पूर्ववत स्कूल संचालित करने की मांग की है।

### पदाधिकारियों ने संभाला पदभार



**जेवरतला रोड।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में यूथ एवं इको क्लब मिशन फॉर लाइफ क्लब का गठन किया गया है। क्लब में मुरली कुमार को अध्यक्ष एवं अभिषेक, लक्ष्य कुमार, हिमानी, ललिता, रीवा, सुमन, वेदिका व लिशा को सदस्य मनोनीत किया गया। पदाधिकारियों ने गत दिनों प्राचार्य आरके देवांगन ने शपथ ग्रहण कराया। यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी अजय पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि आज की सबसे बड़ी समस्या एक बार उपयोग में आने वाला प्लास्टिक है जिसका उपयोग कम से कम करना चाहिए। इस दौरान व्याख्याता पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी एवं रीना बोरकर ने भी संबोधित किया।

### सुरक्षा के लिए पहने हेलमेट

**खड़गांव।** क्षेत्र में पुलिस विभाग द्वारा यातायात को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आमजनों से बिना हेलमेट वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने, सफर के दौरान वाहन के सभी दस्तावेज साथ रखने और यातायात नियमों का पालन करने कहा जा रहा है। थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि वाहन चालकों को समझाया जा रहा है कि बिना हेलमेट नहीं पहने और और इस दौरान एक्सीटेंड होता है तो निश्चित रूप से बड़ी घटना हो सकती है।हेलमेट पहनने से सुरक्षा मिलेगी इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना जरूरी है। उन्होंने बताया कि आगामी समय पर बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने पर चालकों पर कार्यवाही की जाएगी।

### लोकनाथ कोषाध्यक्ष निर्वाचित



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ गडेरिया ढेंगर समाज की प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के चुनाव में कबीरधाम जिले के रंजीतपुर के लोकनाथ पाल को निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने गए है। नारायण प्रसाद पाली और लालपुर निवासी निरंजन लाल धनकर ने बताया कि प्रदेश मुख्य संगठन, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ और प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने लोकनाथ पाल को बधाई दी है। उन्हें युवाओं को समाज हित में संगठित करने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्यभार सौंपा।

### जयंती समारोह 10 से

**साल्हेवारा।** श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला इकाई खैरागढ़ छुईखदान गंडई द्वारा संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर एक भव्य त्रिदिवसीय समारोह 10 से 12 अगस्त तक ग्राम चोभर में रखा गया है। इस कार्यक्रम में चयनित रामायण मंडलियों द्वारा अखंड रामायण पाठ, प्रवचन, सुंदरकांड, राम कथा का वाचन किया जाएगा। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला इकाई के जिला संरक्षक पं. सूरज उपाध्याय ने यह जानकारी देते हुए श्रद्धालुजनों से आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है।

### सावन का आज अंतिम सोमवार



**सड़क अतरिया।** सावन माह तथा सोमवार को शिव पूजा के लिए खास माना गया है। सावन का कल अंतिम सोमवार है। कल शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। लगातार तीन सोमवार से शिव मंदिरों में श्रद्धालु जल अभिषेक कर दूध, फूल, बेलपत्र, धतुरा, श्रीफल आदि अर्पण कर आशीर्वाद लिया। इस सोमवार भी क्षेत्र के प्रमुख शिवालय चोरड़ाधाम, घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर, नर्मदा का शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में शिव भक्तों का रेला लगेगा।

## कुंड से जल लेकर निकली कांवड़ यात्रा, शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक



**गंडई-पंडरिया।** कुंड से जल लेकर सुबह 11 बजे शुरू हुई पैदल यात्रा में सैकड़ों शिवभक्त शामिल हुए, जो हर-हर महादेव के जयघोष के साथ आगे बढ़ते हुए प्राचीन शिव मंदिर घटियारी पहुँचे और शिव जी को जलाभिषेक किया। धार्मिक कुंड से जल भरकर श्रद्धालुओं का जत्था घटियारी स्थित प्राचीन शिव मंदिर के लिए रवाना हुआ था। भरी दोपहरी और तेज उमस के बावजूद भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। तपती धूप और पैरों में पड़े छालों की परवाह किए बिना श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और घुंघरुओं की झंकार पर झूमते हुए आगे बढ़ते रहे। इस दौरान आतिशबाजी और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस यात्रा में सिर्फ पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं, बच्चे और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उत्साह के साथ शामिल हुए।

### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

इस विशाल कांवड़ यात्रा में सांसद संतोष पांडे, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, दुजेराम वर्मा, रामा साहू, रजेलाल पटेल, दिनेश भट्ट, भीखू हिरवानी, अशोक देवांगन, लीलाराम साहू, प्रकाश जंघेल, बोधराज देवांगन, हेमंत वर्मा और भागवत मरकाम आदि शामिल हुए। रास्ते में समाजसेवियों ने कांवड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था किया था। उन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जलपान के बाद भक्तों ने दोगुनी ऊर्जा और भक्ति के साथ यात्रा जारी रखा।

## योजनाओं की प्रगति की ली जानकारी

# संभाग आयुक्त ने सुनी बुनकरों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने गेरूखदान और आसपास के क्षेत्रों का सघन दौरा कर शासन की योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों, बुनकरों और अधिकारियों से सीधे संवाद किया तथा समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत गेरूखदान पहुंचने पर आयुक्त राठौर ने सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी तथा ग्रामवासियों के साथ बैठक की। विशेष रूप से बैगा जनजाति के लोगों ने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं होने की शिकायत की। ग्रामीणों ने सूखे बोर या खराब पंपों में जल कनेक्शन देने से उपजी समस्या भी रखा। आयुक्त ने इन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने जनपद सीईओ को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसका हक समय पर मिले।



**बुनकर भवन का निरीक्षण**

आयुक्त श्री राठौर ने छुईखदान स्थित नवनिर्मित बुनकर भवन पहुंचे। उन्होंने भवन की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की। मौके पर उपस्थित बुनकर संघ के सदस्यों और कारीगरों से बात कर कार्य, मांगें और योजनाओं के संचालन की जानकारी प्राप्त की। कारीगरों ने बताया कि भवन निर्माण अभी पूर्ण नहीं हुआ है, जिससे उन्हें प्रशिक्षण एवं उत्पादन कार्य में असुविधा हो रही है। इस पर आयुक्त श्री राठौर ने लोक निर्माण विभाग के एसडीओ को अवशेष कार्यों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## प्रधान पाठक सिन्हा को स्कूल स्टाफ सहित ग्रामीणों ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम बढ़ईटोला पूर्व माध्यमिक शाला में लंबे समय से सेवा दे रहे प्रधान पाठक मनहरण लाल सिन्हा की सेवानिवृत्ति पर गाजे बाजे के साथ ग्रामीणों ने विदाई दी।

शाला परिसर मे आयोजित समारोह मे प्रपा श्री सिन्हा ने बताया कि उन्होंने 43 सालों तक शिक्षा क्षेत्र में योगदान दिया है जिसमें सबसे ज्यादा 13 साल प्रधान पाठक के रूप में बढ़ईटोला पूमाशा में काम करने का अवसर मिला।

लंबी अवधि में शाला परिवार के अलावा गांव और ग्रामीणों से उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव रहा है। बच्चों की प्रगति ही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। सरपंच योगेश कुमार वर्मा ने कहा कि सिन्हा सर ने गांव में शिक्षा का उजाला फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने न केवल स्कूल को शैक्षणिक स्तर पर मजबूत किया बल्कि बच्चों में अनुशासन और संस्कार की भावना भी विकसित की है। शाला विकास समिति अध्यक्ष विश्राम वर्मा ने कहा कि सिन्हा को शिक्षा के साथ-साथ संगीत के क्षेत्र में भी विशेष अनुभव था। उन्हीं की प्रेरणा से बल्देवपुर में रामायण मंडली का गठन हुआ, जो आज पूरे छत्तीसगढ़ में विख्यात है। उनका योगदान केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सांस्कृतिक चेतना को भी उन्होंने जीवित किया। पेखलाल वर्मा ने कहा कि हम सब उनके कार्यों के साक्षी रहे हैं। आज बढ़ईटोला स्कूल जिस पहचान पर है, उसमें उनका बड़ा योगदान है। उन्होंने कई पीढ़ीयों को शिक्षित कर गांव के भविष्य को संवारने का काम किया है।

इस अवसर परपंचगण ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने उन्हें फूलमालाओं और स्मृति चिन्हों के साथ विदाई दी। समारोह समापन भावुक माहौल और गुरु के प्रति सम्मान के साथ हुआ।

## आसिफ और राजेंद्र ने दी थाईलैंड में प्रस्तुति



**खैरागढ़।** थाईलैंड में आयोजित सेकंड इंटरनेशनल आर्ट एंड कल्चर फेस्टीवल में संगीत विवि के दो पूर्व छात्रों ने देश की समृद्ध संस्कृति और कला शैली को प्रदर्शित किया। भरतनाट्यम विभाग से पास आऊट प्रदेश के गरियाबंद जिले के छुरा तहसील में आने वाले छोटे से गांव छुरा के आसिफ हुसैन और राजस्थान के राजेंद्र कुमार ने बताया कि थाईलैंड में आयोजित सेकंड इंटरनेशनल फेस्टीवल में शामिल होने उन्हें जुलाई महीने में आमंत्रित किया गया था।

भारत की कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने का सुखद अवसर मिला इस दौरान उन्होंने भारत की सांस्कृतिक धरोहर को भाषणों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रदर्शनियों के माध्यम से दुनिया के सामने रखने का भरपूर प्रयास किया। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और सीसीआरटी से उन्हें स्कालरशिप भी मिल चुका है। थाईलैंड के बंडितपटनसिल्पा इंस्टीट्यूट और महासरखम विवि को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सहभागिता केवल दो कलाकारों की उपलब्धि नहीं बल्कि भारत की समृद्ध संगीत संस्कृति को वैश्विक पटल पर पहुंचाने की दिशा में सशक्त कदम है जो दुनिया को यह संदेश देती है कि भारतीय कला सीमाओं से परे जाकर भी दिलों को जोड़ सकती है। गौरतलब है कि दोनों छात्र आसिफ और राजेंद्र प्रसिद्ध भरतनाट्यम कलाकार हैं।

इंदिरा कला संगीत विवि के पूर्व छात्र हैं। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात गुरु प्रेमचंद होम्बल, डॉ मेदिनी होम्बल से नृत्य की विधिवत शिक्षा ली है। इनकी कलात्मक यात्रा में करीबी दोस्त राकेश, भवजन, एक्कलक का भी योगदान रहा है।

## सीएम हाऊस में विक्रांत हुए सम्मानित



### जिले से एकमात्र है विक्रांत

कार्यक्रम में जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को सदस्यता गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। श्री सिंह ने सदस्यता अभियान दौरान पूरे प्रदेश में 5 से 1 हजार के बीच नया सदस्य बनाया। इस वर्ग में केवल 20 कार्यकर्ताओं को यह सम्मान मिला, जिनमें विक्रांत सिंह भी शामिल है। जिले से एकमात्र उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। सम्मान प्राप्त करने के बाद विक्रांत सिंह ने कहा, भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में इतना बड़ा लक्ष्य हासिल कर पाना गर्व की बात है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का यह परिणाम है। तीन महीने तक हमने सदस्यता अभियान को संगठन महापर्व के रूप में मनाया। उन्होंने कहा कि अभियान हमारे प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव, सक्रिय सदस्यता अभियान प्रभारी संजय श्रीवास्तव और समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पूरे प्रदेश में 60 लाख प्राथमिक और 65 हजार सक्रिय सदस्यता जोड़ने का ऐतिहासिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह में भारतीय जनता पार्टी के 200 से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान अंतर्गत आयोजित किया गया था जहाँ कार्यकर्ताओं द्वारा निर्धारित समयावधि में लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं के सम्मान का अवसर है और मेरे लिए बेहद सौभाग्य का क्षण है। पार्टी की ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं, जिन्होंने इस अभियान को उत्सव में बदला। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और उनकी टीम को लक्ष्य से अधिक सदस्यता जोड़ने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान उन सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित है जिन्होंने जमीनी स्तर पर जाकर पार्टी को मजबूत किया। पार्टी की यह संगठनात्मक उपलब्धि भविष्य की राजनीतिक दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होगी।

## पात्र व्यक्तियों को आवास आबंटन करने की मांग

**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे ने सांसद संतोष पांडे को आवेदन देते हुवे बताया है कि शासकीय कर्मचारी अधिकारियों के लिए शासन के नियमानुसार जिन कर्मचारियों को गृह भाड़ा भत्ता देय होता है उन्हें उनकी श्रेणी के आधार पर शासकीय आवास आबंटन किया जाता है। आवास आबंटन का प्रकार सामान्य पुल विभागीय पुल होता है।

दोनों पुलों के लिए कर्मचारियों के आवेदन के वरिष्ठता क्रम के आधार पर तथा आवास आबंटन समिति की अनुशंसा पर आबंटन किया जाता है। उन्होंने बताया कि संघ की विभिन्न बैठकों में आवास आवंटन निष्पक्ष रूप से नहीं किए जाने का मुद्दा उठाया जाता है जिसमें सामान्य पुल के कर्मचारियों को विभागीय पुल में और विभागीय पुल के कर्मचारियों को सामान्य पुल में बिना पात्रता के बिना समिति क परामर्श तथा अनुशंसा के अपात्र लोगों को आवास आबंटन कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि सामान्य पुल के आवास खैरागढ़ और छुईखदान में है तथा इनमें विभागीय पुल के भी आवास है। नियमों का पालन न करते हुए मनमाने तरीके से आवास आबंटन किया गया। सामान्य पुल के आवास को अनुभाग अधिकारी द्वारा आबंटित न करते हुए जिला स्तर से अपात्र व्यक्तियों को आबंटित कर दिया जाता है, जबकि अनुभाग स्तर पर अनुभागीय अधिकारी द्वारा आबंटित किया जाता है। उन्होंने जितने भी शासकीय आवास आबंटन किए गए है का परीक्षण करवा कर पात्र व्यक्तियों को आवास आबंटन कराने की मांग की है।


## प्रयास कोचिंग के लिए 386 बच्चों ने दी प्रवेश परीक्षा

### इस पहल से गरीब परिवारों को मिली नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सरकारी शिक्षकों की एक अनोखी और सराहनीय पहल के तहत प्रयास कोचिंग सलेक्शन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 386 बच्चों ने भाग लिया। शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई में हुई इस परीक्षा में बच्चों ने शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए 50 सामान्य ज्ञान के प्रश्नों के उत्तर दिए।

इस पहल ने गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों को एक नई उम्मीद दी है। कोगियकला के किसान राजेश साहू की बेटी रुखमणी साहू जो पुलिस बनना चाहती है। सेतवा के चंदन पटेल की बेटी चाँदनी पटेल शिक्षिका बनने का सपना देख रही हैं, और विचारपुर की दुर्गा पाल की बेटी ममता पाल डॉक्टर बनना चाहती हैं। इन बच्चों के माता-पिता ने बताया कि उनके बच्चों के सपनों को साकार करने में यह पहल बहुत सहायक होगी। सेतवा के किसान रेवाराम मरकाम की बेटी मंजू मरकाम भी शिक्षिका बनना चाहती हैं। माता-पिता ने शिक्षकों के इस निःस्वार्थ योगदान की जमकर प्रशंसा की है।



**शिक्षकों का सराहनीय योगदान**

इस परीक्षा के सफल आयोजन में कई सरकारी शिक्षकों का अमूल्य योगदान रहा जिसमे कौशल राजपूत, मुकेश कश्यप, राजेश श्रीवास्तव, योगेंद्र कश्यप, संतोष रजक, पूर्णेश कुमार वैष्णव, पन्ना लाल जंघेल, तोक राम सिन्हा, संतोष झारिया, दुर्जन जंघेल, दीपक मिश्रा, यांत्री पौडवाल, शिवचरण कुमार वर्मा, टार्जन नेताम, देवानंद सोनी, सुरेश साहू, पीताम्बर मेरावी, पुनेश्वर देवांगन, पुरषोत्तम देवांगन, शेख कलीम, खेमशंकर साहू, प्रभाकर जंघेल, लोमश पटेल, मयाराम राठौर, भागचंद साहू, महेश कुमार वर्मा और उज्जवल नामदेव शामिल थे।

### 386 बच्चे हुए शामिल

गंडई और आसपास के गाँवों के साथ कवर्धा जिले के 419 बच्चों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया था, जिसमें से 386 बच्चे परीक्षा देने पहुँचे। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली, जिसमें बच्चों ने 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों के जवाब दिए। शिक्षकों ने बताया कि जल्द ही परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए जाएँगे। चयनित बच्चों को प्रयास और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हर दिन निशुल्क कोचिंग दी जाएगी, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

## शिव आस्था की निकली कांवड़ यात्रा में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सावन के पवित्र माह में निकली कांवड़ यात्रा में शिव भक्तों की आस्था उमड़ पड़ी। आधा किलोमीटर लम्बी कतार में शिव के जयकारा से गुंजायमान होता रहा। रविवार को पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार की अगुवाई में नर्मदा कुंड से घटियारी स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाला गया। यात्रा में सांसद संतोष पांडेय, पूर्व विधायक कोमल जंघेल भी शामिल हुए। सुबह कांवड़ियों ने नर्मदा मैय्या की पूजा अर्चना कर कुंड से जल लेकर यात्रा शुरू किया। यात्रा के आगे रथ की साज सज्जा कर शिवलिंग विराजित किया गया था। डीजे की धुन पर भोले बाबा की वेशभूषा धारण किए युवक थिरकते चल रहे थे। पीछे पीला केसरिया पोशाक में कांवड़ियों की कतार चल रही थी। नर्मदा चौक के समीप सांसद संतोष पांडेय ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भव्य लम्बी कतार में शिव का जयकारा के साथ भक्त भजन कीर्तन करते लोगआगे बढ़ते गए। यात्रा में छोटे बच्चे भी आस्था दिखाते कांवर लेकर चलते नजर आए। यात्रा का मार्ग के गांव में आरती, पुष्प वर्षा एवं भेंट देकर स्वागत किया गया।



**प्राचीन मंदिरों का संगम**

सावन माह में नर्मदा से घटियारी स्थित शिव मंदिर की कांवड़ यात्रा काफी अहम रही। नर्मदा कुंड का उद्गम 11 वी शताब्दी में हुआ है। वही घटियारी का शिव मंदिर 9 वी शताब्दी का है। इस कांवड़ यात्रा दो प्राचीन मंदिरों का अनुपम संगम हुआ। यात्रा में शामिल होने श्रद्धालुओं की आस्था देखते बनी। यात्रा में प्रकाश जंघेल, लालचंद पटेल, दिवाकर सोनी, दूजेराम वर्मा, बोधनसिंह मेरावी, सुरेन्द्र जंघेल, केसलाल मंडावी, निजाम मंडावी, संतोष ठाकुर, जीवन दास, राकेश ताम्रकार, अनुज साहू, भीखू हिरवानी, आनंद सिन्हा, लोमश वैष्णव, महेश जैन, तिजे राम धुर्वे, मन्नू सिंह, आत्मा राम, रमेश जंघेल, अशोक कुमार सहित खैरा नवापारा, चकनार, गुमानपुर, खैरबना, सड़क अतरिया, कुकुरमुडा, मानपुर, जीराटोला, बेलगांव, संड़ी, पंडरिया, जंगलपुर, ओटेबन्द, बुन्देली, दौजरी, ठंडार, लिमो, बेलगांव, पैलीमेटा, सिंगारपुर, भदेरा, मगरकुंड, अचानकपुर, ठाकुरटोला, गर्रा, रैमडवा, सर्राकापा, दूलीपुर, देवपुरा, हनईबन्द, धोधा, गोकना, विचारपुर, मजगांव, साल्हेवारा सहित अन्य गांव के भक्त बड़ी संख्या में शामिल हुए।



# मिली सौगात, जबलपुर तक का सफर हुआ आसान, सांसद संतोष ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सांसद संतोष पांडे के प्रयास से रेल सेवा में एक और सौगात जिलेवासियों को मिली है। अब राजनांदगांव से सीधे जबलपुर तक जाने की राह आसान हो गई है। केंद्रीय रेल मंत्री की अनुशंसा पर नागपुर रेल मंडल द्वारा रायपुर से जबलपुर नई रेल सेवा शुरू की गई है। आज इस दैनिक रायपुर-जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी उद्घाटन एक्सप्रेस को मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ से हरी झंडी दिखाकर सांसद संतोष पांडे ने रवाना किया।

रेल के क्षेत्र में लगातार सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। एक तरफ अमृत भारत स्टेशन योजना से रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। वहीं दूसरी ओर नई ट्रेनों की सौगात भी मिल रही है। अब राजनांदगांव से जबलपुर जाने के लिए बस से सफर नहीं करना पड़ेगा और ना ही गोंदिया से दूसरी ट्रेन बदलनी पड़ेगी। रायपुर से जबलपुर तक की रेल सेवा शुरू होने को लेकर यात्रियों में काफी उत्साह नजर आया। यात्रियों ने कहा कि पहले बालाघाट-जबलपुर जाने के लिए काफी समस्या होती थी। रुपए और समय अधिक लग जाते थे। अब सीधी रेल सेवा होने से सफर आसान हो गया है। पहली ट्रेन से ही जबलपुर तक की यात्रा कर रही दिव्या राठौर, बालाघाट तक की यात्रा कर रहे राजेश साहू ने कहा कि यह ट्रेन तीन राज्यों को जोड़ रही है। पहले गोंदिया से दूसरी ट्रेन का इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब सीधे बालाघाट और जबलपुर तक के रेल सेवा मिलन काफी सुखद है। इसके लिए उन्होंने रेल मंत्री सहित स्थानीय नेताओं का आभार भी जताया।

## रेलवे के सुविधाओं में हो रहा विस्तार

### पूरी हुई मांग

दोपहर लगभग 12.40 बजे रायपुर से जबलपुर के लिए निकली ट्रेन का राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में रेल स्टाफ आरपीएफ और स्थानीय लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान लोको पायलट को माला पहनाई गई और लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा किया गया। रेलयात्री संघ के सदस्य जितेन्द्र काथरानी ने कहा कि इस ट्रेन की काफी अधिक मांग थी, जो लंबे अरसे बाद पूरी हुई है।



### प्रतिदिन चलेगी ट्रेन

गाड़ी संख्या 11702 और 11701 रायपुर-जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस प्रतिदिन रवाना होगी। जिसमें जबलपुर से चलकर सुबह 11.58 बजे यह ट्रेन राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वहीं रायपुर से चलकर दोपहर 3.48 बजे राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पहुंचकर रवाना होगी। इस ट्रेन की सौगात मिलने से खासकर बालाघाट क्षेत्र में सफर करने वालों को काफी सुविधा मिली है।


### डोंगरगढ़ में स्वागत

नई ट्रेन के शुभारंभ अवसर पर डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में भी भव्य स्वागत किया गया। यहां सांसद संतोष पांडे मौजूद रहे, जिन्होंने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया। इस ट्रेन की सौगात मिलने को लेकर सांसद संतोष पांडे ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के समय इस ट्रेन की सौगात मिलना काफी सुखद है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ की बेटियां उस क्षेत्र में ससुराल गई है और वहां से भी बेटियां यहां आई है। सांसद ने कहा कि इस रेल सेवा से राज्यों के संबंध भी मधुर होंगे।

## सार समाचार

### मोहित और गौरव का राष्ट्रीय योगासन स्पर्धा में चयन


**राजनांदगांव।** रायगढ़ के ओपी जिंदल युनिवर्सिटी में 25 से 27 जुलाई तक आयोजित राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता बालक वर्ग में नगर के मोहित सोनी और गौरव यादव ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाते राष्ट्रीय योगासन खेल स्पर्धा के लिए अपनी टिकट पक्की की। साथ ही खिलेश्वर साहू ने कांस्य पदक जीतकर नगर एवं जिले का नाम रौशन किया। अब मोहित और गौरव आगामी 11 से 14 सितंबर को भिलाई शहर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय योगासन खेल स्पर्धा में अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों, साथी खिलाड़ियों और ईष्ट मित्रों सहित जिला योगासन एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हेमंत तिवारी और सचिव डोमेंद्र देवांगन ने बधाई दी।





### आरला में आज गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव

**राजनांदगांव।** ग्राम आरला में कल 4 अगस्त को जय मां सरस्वती मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय पूज्य पाद गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव 2025 आयोजन किया जा रहा है। आयोजक समिति के पंचराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम में जय मां सरस्वती मानस परिवार ग्राम आरला 11 से 12 बजे तक, शिव संगम मानस परिवार भोथीपारखुर्द 12 बजे से 1 बजे तक, तारिणी महिला मानस परिवार कांकेतरा 1 बजे से 2 बजे तक, आदर्श मानस परिवार उसरीबोड 2 से 3 बजे तक, सत्संग के गंगा मानस परिवार रेवाड़ीह 3 से 4 बजे तक, जय गजानंन मानस परिवार आरी (कोनारी) 4 से 5 बजे तक, महादेव विष्णु कश्यप के भजन 5 से 6 बजे तक, मोर जहुरिया मानस परिवार ढ़ोडिया की मंडली अपनी प्रस्तुति देगी।



### जवानों के लिए तैयार किया 1375 राखियां

**राजनांदगांव।** एक राखी सैनिक भाइयों के नाम के तहत जिले के गाइड रेंजर गाइडर बहनों द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर देश की रक्षा के लिए अपने परिजनों से दूर देश की सीमाओं में सेवारत जवानों के सम्मान में हाथों से बने 1375 रक्षा सूत्र राखियां तैयार किया गया है। इन रक्षा सूत्र राखियों को जवानों तक पहुंचाने राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर को प्रेषित किया गया है। इस कार्य में 32 शालाओं की गाइड रेंजर प्रभारी सहित विकासखंड सचिव स्काउट-गाइड प्रवीण साव, लेखराम वर्मा, टोमन पटेल, नीलकंठ धुर्वे का विशेष सहयोग रहा।

### एक्सपर्ट जिम समिति के संरक्षक बने मनीष

**राजनांदगांव।** शहर के एक्सपर्ट जिम समिति द्वारा 29 जुलाई को पावर लिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग प्रदर्शन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व अध्यक्षता छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव मेहुल मारू ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. रोहन सोनकर, युवराज ढिंढी, प्रतिमा बंजारे, अरूण साहू शामिल थे। इस अवसर पर एक्सपर्ट जिम समिति के पदाधिकारी तामेश्वर बंजारे, अंजू बंजारे, गोपेन्द्र बंजारे, खिलेश्वर बंजारे, संदीप सोनी, डॉ. रोहन सोनकर, उपेन्द्र कुमार के अनुरोध पर स्व. पुरूषोत्तम आजमानी के रिक्त स्थान पर एक्सपर्ट जिम समिति के संरक्षक पद पर मनीष सिंह गौतम को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर श्री गौतम को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर एक्सपर्ट जिम के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर नवोदित खिलाड़ियों ने श्री गौतम से आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त जानकारी एक्सर्ट जिम समिति के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे ने दी।



### मनाया जा रहा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत देश की आजादी का यह उत्सव हर गांव एवं शहर में मनाया जा रहा है। उन्होंने जिलेवासियों को आह्वान किया है कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग की थीम से जुड़ते हुए हमें अपने घर में स्वच्छता को अपनाएं तथा तिरंगा लहराएं। यह अवसर हमें देश के लिए अपना बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा देश के वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता प्रगट करने तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करने का भी है। तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। तिरंगा हमारे स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।



### इंटरसिटी एक्सप्रेस का नांदगांव में स्वागत

**राजनांदगांव।** बहुप्रतीक्षित रायपुर-जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का आज अपरान्ह 12.34 बजे रायपुर से राजनांदगांव पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। रेल कम्युटर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जितेन्द्र काथरानी ने ट्रेन के पायलट एवीआर मूर्ति, को-पायलट अनिल वर्मा तथा गार्ड एसके मंडल को पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। इस दौरान अन्य यात्रियों के अलावा नागपुर रेल डिवीजन के सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक अमित कुमार, मुख्य स्टेशन प्रबंधक राजेश बर्मन एवं रेलवे स्टॉफ भी मौजूद था। श्री काथरानी ने छत्तीसगढ, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली 01709/01702 रायपुर-जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी को जिलेवासियों के लिए बेहद उपयोगी रेल सेवा बताया।



### निर्मला राठी का निधन

**राजनांदगांव।** छग राज्य शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी की धर्मपत्नी निर्मला राठी का बीती रात लगभग 12.30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 74 वर्ष की थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। अंतिम यात्रा 4 अगस्त सोमवार को 11.30 बजे रामाधीन मार्ग स्थित निवास स्थान से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।



## अंबागढ़ चौकी के छछानपाहरी में दर्दनाक घटना, पूरा गांव सदमे में

# घर से खेलने निकले तीन मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम छछानपाहरी में आज शाम एक हृदय विदारक घटना घट गई। जिसमें खेलते-खेलते तालाब में नहाने घुसे तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। मृतक तीनों बालक 6 से 7 साल की उम्र में है। तीनों बच्चों का शव अंबागढ़ चौकी मरच्युरी में रखवाया गया है।

इस हृदय विदारक घटना को लेकर बताया गया कि ग्राम छछानपाहरी में लगभग शाम 5 बजे के बीच गांव के तीन बच्चे नव्यांश पिता सुभाष 6 वर्ष, लक्ष्य पिता वेदप्रकाश 7 वर्ष व हिमांशु पिता प्रवीण साहू 7 वर्ष आज रविवार छुट्टी के दिन अपने घर से लगभग 4 बजे खेलने के नाम पर निकले हुए थे। गांव में घूमते-घूमते वे दूसरे मोहल्ला में पहुंच गए, जहां गांव से बाहर स्थित तालाब से तीनों को डूबे हुए हालात से निकाला गया। जिनकी मौत हो गई। इस हादसे में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।




### की जा रही जांच

तीनों बच्चों के शव को मरच्युरी में सुरक्षित रखा गया है। घटना के संबंध में पूरे मामले की जांच की जा रही है।

- अश्वनी राठौर, थाना प्रभारी, अंबागढ़ चौकी

### तालाब तट में मिला कपड़ा

परिजनों द्वारा जब बच्चों की तलाश की गई, इस दौरान लबालब भरे तालाब के तट में तीनों बच्चों का कपड़ा मिला। जिसके बाद तालाब की गहराईयों में तलाश के दौरान तीनों बच्चे निकाले गए, जिन्हें आनन-फानन में अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मासूमों को बचाने की गई कोशिश

तालाब में डूबे तीनों बच्चों को बचाने परिजन तथा अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ द्वारा बेहद कोशिश की गई, परंतु तीनों बच्चे तब तक दम तोड़ चुके थे।

## यातायात नियमों का उल्लंघन 76 मामलों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने जांच पड़ताल अभियान शुरू किया है। जिसके तहत चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र में 76 मामलों में 61 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी चिचोला व यातायात पुलिस द्वारा 3 अगस्त को एमसीपी लगाकर आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, ओवर स्पीड एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस चौकी चिचोला व यातायात पुलिस द्वारा कुल 76 प्रकरणों में 61 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई कर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा जिले भर में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## भोथीपारकला स्कूल में बाल केबिनेट गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपालकला में बाल केबिनेट का गठन किया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री तिंजल साहू, उप प्रधानमंत्री पायल साहू, शिक्षा मंत्री मीरा साहू, पर्यावरण मंत्री चेष्टा साहू, संस्कृति मंत्री मान्या निषाद, उप संस्कृति मंत्री याशिका यादव, खेलकूद मंत्री हर्ष कुमार साहू, बाल विकास मंत्री लकिता ठाकुर, मध्यान्ह भोजन प्रभारी डॉली साहू एवं कक्षा नायक के रूप में 5वीं प्रेरणा साहू, 4थी हर्षिता साहू, 3री पूर्णिमा साहू, 2री वंश ठाकुर, 1ली में सुभाष साहू को बनाया गया है। उपकक्षा नायक के रूप में क्रमशः वैष्णवी साहू, सोनम चंदेल, दिव्यांशी साहू, त्रिशा साहू एवं गीतांजली साहू चयनित की गई है। बच्चों को प्रधान पाठक गजाधर साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष रूपदास साहू शिक्षक ओमप्रकाश साहू एवं एसएमसी सदस्यों ने बधाई दी।



## दो महीने पुराने मामले में फरार महिला तस्कर डेढ़ लाख के 16 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

गांजा तस्करी के मामले में मौके से फरार महिला आरोपी को पुलिस ने पकड़कर लगभग डेढ़ लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ कार्रवाई की है। इससे पूर्व एक और गांजा तस्कर को पकड़कर पुलिस कार्रवाई कर चुकी है।



18 जून को मुखबीर की सूचना पर पूर्व में बर्फानी मंदिर के सामने जीई रोड बस सर्विस के पास आरोपी मिलन मोहबे 27 साल निवासी पुरानी काशी नगर शीतला मंदिर के पास थाना तेलीबांधा जिला रायपुर को अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहक तलाशते घेराबंदी कर पकड़ा गया था। आरोपी के पास रखे पीला रंग के प्लाटिक बोरी एवं एक पिस्ता ग्रीन रंग के सूटकेश व एक हरे रंग के सूटकेश के अंदर मादक पदार्थ गांजा कुल मात्रा 34.750 किग्रा कीमती 3,40,000 हजार रुपए को जब्त किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ पर बताया था कि अपनी महिला साथी निवासी रायपुर के साथ उक्त गांजा को रायपुर से पुणे ले जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान महिला आरोपिया घटनास्थल से फरार हो गई थी। जिसकी पतासाजी हेतु मुखबीर व तकनीकी सहायता की मदद लिया जा रहा था। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक कैलाश मरई, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, मनमोहन साहू, प्रधान आरक्षक बसंत राव, आरक्षक प्रख्यात जैन, महिला आरक्षक पेमिन कतलाम एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### ग्राहक तलाशते पकड़ी गई

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबीर सूचना पर आज 3 अगस्त को आरोपिया 39 साल निवासी रायपुर को गुरूद्धारा चौक राजनांदगांव के पास 15.750 किलोग्राम अनुमानित कीमती 1,50,000 रुपए (डेढ़ लाख रुपए) अवैध रूप से मादक पदार्थ के साथ पकड़ा गया। पूछताछ करने पर पुलिस को बताई कि पूर्व में भी वह अपने साथी मिलन मोहबे के साथ राजनांदगांव आई थी। आज बस से राजनांदगांव पहुचकर ग्राहक की तलाश कर रही थी। मादक पदार्थ गांजा को अपने निवास स्थान रायपुर से लेकर आना बताई, जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा के समक्ष पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय से आरोपिया को जेल वारंट प्राप्त होने उपरांत महिला जेल दुर्ग दाखिल किया गया।

### विस अध्यक्ष रमन का जताया आभार

**सोमनी।** ग्राम ककरेल द्वारा 01 अगस्त को रायपुर में ककरेल सरपंच अभिषेक पाटिला ने पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकत कर ग्राम पंचायत ककरेल में विकास हेतु कार्य स्वीकृत करने पर आभार व्यक्त किया। पूर्व में निर्वाचित होने के पश्चात पंचायत प्रतिनिधियों ने डॉ. रमन सिंह से मुलाकत कर गांव के प्रमुख मांग पत्र दिए थे। पुनः इस बार भी गांव के प्रमुख मांग एवं आभार प्रकट करने पंचायत सरपंच अभिषेक पाटिला, उपसरपंच आशीष साहू, भाजपा बूथ अध्यक्ष ककरेल हेमंत साहू, भाजपा बूथ अध्यक्ष अनिल यादव, युवा साथी बलदेव प्रसाद यादव रायपुर पहुंचकर धन्यवाद दिया।

## वार्ड 28 में 52 लाख से होगा विकास कार्य

**राजनांदगांव।** वार्डों में विकास कार्य कराने विधायक डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति अनुसार शहर के 51 वार्डों में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विकास कार्य कडी में वार्ड नं. 28 मठपारा में तालाब के पास 10-10 लाख रुपए की लागत से दो सामुदायिक भवन, 4.50 लाख रुपए की लागत से मंच निर्माण, मठपारा में 15 लाख रुपए की लागत से रोड एवं नाली निर्माण तथा पार्षद निधि से 3 लाख रुपए की लागत से चबूतरा व शेड का निर्माण कार्य किया जाएगा।



भूमिपूजन अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने उक्त बातों के अलावा कहा कि वार्ड में निर्माण कार्य कराने आज अलग-अलग कार्यक्रम में पार्षदों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य बहुत जल्द धरातल में दिखेगा और वार्डवासी इसका लाभ उठा सकेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा समेत राजेन्द्र रानू जैन, शरद अमित कुशवाहा, ओमकला कुशवाहा, विजय राय, शरद सिन्हा, गप्पू सोनकर शामिल थे। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड नं. 28 में गुड्डू हटवार, डॉ. कल्याण साहू, विनोद यादव, उमेश पालीवाल, संतोष हटवार, राकेश बिसने, किशन यादव, कार्तिकराम दहीबेले, सोनू यादव, दुर्गा मेश्राम, हमीदा बेगम, विद्या मानकर, द्वारकीबाई, जगजीवन बिजलेकर, राजेन्द्र दुबे, गयाप्रसाद यादव, अशरफ गोरी, संध्या लहरे ने अतिथियों का स्वागत किया।




## डोंगरगढ़ एसडीओपी दफ्तर में अफसरों से मुलाकात

# आईजी ने किया बेस कैंप का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य द्वारा एसडीओपी कार्यालय डोंगरगढ़ का वार्षिक निरीक्षण करने के पश्चात कन्हारगांव एवं कोठीटोला स्थित आईटीबीपी बेस कैप का भ्रमण कर आईटीबीपी के अधिकारियों एवं जवानों से मुलाकात किया गया।



पुलिस सूत्रों के अनुसार 31 जुलाई को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य द्वारा वार्षिक निरीक्षण करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय डोंगरगढ़ पहुंचने पर उनका स्वागत व अभिवादन एसडीओपी डोंगरगढ़ अशीष कुंजाम द्वारा किया गया। एसडीओपी कार्यालय डोंगरगढ़ पहुंचकर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा वहां कार्यरत सभी स्टाफ से रूबरू होकर उनके द्वारा संधारित दस्तावेजों का निरीक्षण किया। दस्तावेजों के रखरखाव तथा संधारित रजिस्टरों को चेक किया गया। लंबित शिकायत व लंबित पत्रों का त्वरित निराकण करने के निर्देश दिए। कार्यालय परिसर के साफ-सफाई व कार्यरत जवानों की वेशभूषा का जायजा लिया गया, जहां पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग भी मौजूद रहे।

### बेस कैम्प पहुंचे आईजी

तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग नक्सल प्रभावित बेस कैम्प कन्हारगांव एवं कोठीटोला का भ्रमण कर आईटीबीपी के अधिकारियों एवं जवानों से मुलाकात किया। बेस कैम्प कन्हारगांव में एसडीओपी डोंगरगढ़ अशीष कुंजाम, थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र शाह एवं पुलिस चौकी प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह उपस्थित थे और बेस कैम्प कोठीटोला में थाना प्रभारी बागनदी निरीक्षक विजय मिश्रा एवं थाना प्रभारी बोरतलाव अवनिश श्रीवास उपस्थित रहे। पुलिस महानिरीक्षक ने दोनों बेस कैम्प पहुंचकर कैम्प परिसर व भवन का जायजा लिया तथा वहां कार्यरत आईटीबीपी के अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होकर उनकी समस्या पूछकर उनके निदान हेतु आश्वासन देने के साथ-साथ उनका मनोबल बढ़ाया।



## खबर संक्षेप

### मध्यप्रदेश से पैदल कांवड़ लेकर दो महिलाओं ने महादेव भोरमदेव में किया जलाभिषेक



**हरिभूमि पाण्डातराई।** सावन कें पवित्र माह में मवई-मध्यप्रदेश से भोरमदेव तक दलदली, तरेगांव, बैजलपुर, बोड़ला होते कठिन मार्ग से सफर करते हुए 74 किलोमीटर तक पैदल पदयात्रा कर श्रीमती शक्ति श्रीवास, मीरा श्रीवास ने भगवान भोरमदेव में जलाभिषेक किया। पदयात्रा के दौरान रास्ते में पढ़ने वाले मंदिर व गांव में रात्रि विश्राम के बाद सुबह फिर निकल पड़ती थी, वहीं भीषण जंगल व गर्मी को सहते हुए 5वे दिन जलाभिषेक किया।

### मां नर्मदेश्वर महिला बोल बम समिति ने बूढ़ा महादेव में किया जलाभिषेक



**हरिभूमि पाण्डातराई।** मां नर्मदेश्वर महिला बोल बम समिति द्वारा जुनवानी धाम से विधि विधिन से पूजा अर्चना कर नर्मदा से जल भरकर मां नर्मदेश्वर महिला बोल बम समिति द्वारा लखनपुर से 60 महिलाओं कांवड़ियों ने श्री पंच मुखी बूढ़ा महादेव कवर्धा में जलाभिषेक कर क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि की कामना कर अपने गृह ग्राम लखनपुर में नर्मदेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। मां नर्मदेश्वर महिला बोल बम समिमि ने 40 किलोमीटर का पदयात्रा 12 घंटे में पूरा करने का संकल्प किया।

### शिक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने संकुल सुकली-गोविंद में बैठक आयोजित



**हरिभूमि कुण्डा।** शासन के स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय के महत्वपूर्ण योजना शिक्षा में गुणवत्ता को लेकर विकासखंड पंडरिया के संकुल केंद्र सुकली-गोविंद में समस्त प्रधान पाठकों का बैठक आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्र साहू, संकुल प्रभारी प्रवीण गुप्ता, संकुल समन्वयक मनमोहन सिंह ठाकुर द्वारा बैठक के विभिन्न बिंदुओं पर प्रधान पाठकों को दिशा-निर्देश दिया गया। जिसमें पुस्तक स्कैनिंग मध्यान भोजन योजना स्कूलों में पाठ्यक्रम अनुसार अध्यापन एवं कक्षा कक्ष के साथ ही साथ मैदान की स्वच्छता एवं बरसात के मौसम में स्कूल खोलने के पूर्व दरवाजे के आसपास को विशेष रूप से देखकर सावधानी पूर्वक खोलने की दिशा निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी प्रकार के जहरीले कीड़े मकोड़े से सुरक्षा हो सके बैठक में प्रधान पाठक लेखराज साहू श्रीमती अहिल्या साहू, मनोज कुमार वैष्णव, लालाराम कोशले आदि के साथ ही साथ समस्त प्रधान पाठक उपस्थित रहकर इस शिक्षा गुणवत्ता के बैठक को सफल बनायें।

### पीजी कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूकता बढ़ाने हेतु एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौणरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन विभाग के अधिकारी अंकित कुमार पाण्डेय थें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा द्वारा की गई। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) महिला एवं पुरुष इकाई, इको क्लब तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में डॉ कविता कन्नौजे, डॉ राकेश चंदेल, डॉ सुनीता जाखड़ एवं भानुप्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कांमति सिंह परिहार (जिला संगठन एनएसएस) महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव, सदस्य अजय ठाकुर, मुकेश साहू तथा रेंजर मनीष सिंह उपस्थित थें। इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिषर में वृक्षारोपण किया गया।

विद्यार्थी जीवन सफलता की नींव, इसे बनाएं अनुशासन, मेहनत व आत्मविश्वास से मजबूत: कलेक्टर

# कलेक्टर ने सिल्हाटी स्कूल का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में शिक्षा और नवाचार को लेकर प्रशासन जिस तरह सक्रिय भूमिका निभा रहा है, उसका एक जीवंत उदाहरण सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम सिल्हाटी में देखने को मिला। जहां कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। कलेक्टर ने सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम सिल्हाटी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का शनिवार को निरीक्षण कर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 9वीं से 12 वीं तक के सभी कक्षाओं का अवलोकन किया और विद्यार्थियों के साथ उनके भविष्य, पढ़ाई और जीवन मूल्यों को लेकर प्रेरणादायक बातचीत की। उन्होने विद्यार्थियों से संवाद केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को लेकर जो मार्गदर्शन दिया, वह विद्यार्थियों के लिए न केवल दिशा देने वाला रहा, बल्कि उनमें उत्साह और आत्मविश्वास भी जगाने वाला रहा। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन किसी भी व्यक्ति के जीवन की नींव होता है। यही समय है जब हम अपने भविष्य को आकार देते हैं। यह सुनहरा अवसर आत्मविश्वास, अनुशासन और मेहनत के साथ अध्ययन करना चाहिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने विशेष रूप से कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के गुर साझा किए। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। नियमित अध्ययन, लक्ष्य के प्रति स्पष्टता, धैर्य और आत्मविश्वास ही किसी भी परीक्षा में सफलता के आधार होते हैं। हमें पढ़ाई के लिए रोज एक निश्चित समय देना चाहिए और उसे धीरे-धीरे बढ़ाते हुए अनुशासन में लाना चाहिए।

### विषय चयन में बच्चों को आत्मनिर्णय का महत्व समझाया



कलेक्टर ने कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों को 11वीं में प्रवेश के समय विषय चयन की गंभीरता को समझाते हुए कहा कि यह जीवन का एक नाजुक मोड़ होता है। इस समय हमें यह समझना होता है कि हम कौन-से क्षेत्र में जाना चाहते हैं विज्ञान, गणित, कॉमर्स, कला या किसी अन्य क्षेत्र में। उन्होंने कहा आपका भविष्य आप ही तय करते हैं। किसी के दबाव में आकर विषय का चयन नही करना चाहिए। अपने रुचि और क्षमता के अनुसार ही विषय चुनें, क्योंकि यही चुनाव आगे चलकर आपके करियर की दिशा तय करता है।

### नीट व जेईई जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की दी जानकारी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गणित, विज्ञान और कला संकाय के विद्यार्थियों को नीट, जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्वरूप, तैयारी की रणनीति और आगे के विकल्पों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित किया कि बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी के लिए अलग से स्ट्रॉन्ग क्लासेस चलाई जाएं, जिसमें विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा नीट और जेईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाए।

## भोरमदेव स्थित भगवान शिव में जलाभिषेक किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

कवर्धा-भोरमदेव स्थित भगवान शिव के सावन महीना में ब्राह्मण महासभा संपूर्ण भारत के कवर्धा जिलाध्यक्ष पंच कैलाशी पंडित राजेश शुक्ला ने अपने साथियों के साथ भोरमदेव मंदिर में पहुंचकर कैलाश स्थित मानसरोवर पाकिस्तान स्थित कटास राज के अमर कुंड पुष्कर तीर्थ स्थल और हरिद्वार से गंगाजल आदि कैलाश स्थित गौरीकुंड पार्वती सरोवर चित्रकूट से मंदाकिनी तथा अयोध्या स्थित सरजू नदी अमरकंटक स्थित नर्मदा के जल से भोरमदेव शिवलिंग एवं बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक किया। श्री शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में स्थित भोरमदेव शिवजी भगवान का मंदिर अधिक महत्व है, मैकल पर्वत में नागवंशी राजाओं द्वारा भोरमदेव मंदिर का भगवान शिव का स्थापना किया, जिसमें संपूर्ण छत्तीसगढ़ तथा अन्य प्रदेश के लोगों द्वारा सावन महीना 11 जुलाई से अधिक से अधिक संख्या में जलाभिषेक पूजा पाठ कर रहे हैं तथा जिले में जगह-जगह भगवान के कीर्तन सत्संग शिव पुराण जी की कथा बराबर चल रही है हिंदू धर्म में सावन बहुत ही पवित्र मास है भोरमदेव में भारी संख्या में भक्त जनों पूजा तथा जल अभिषेक के माध्यम से भाग ले रहे हैं। इस जलाभिषेक में पंडित पंच कैलाशी राजेश शुक्ला, पं आशीष पाठक, पं संतोष दुबे, दुर्गेश पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, मनोज, धर्मेंद्र सिंह, शिव कुमार, भुनेश निर्मलकर, अर्जुन चंद्रवंशी, छवि चंद्राकर, भरत सिंह राजपूत, विष्णु केसरी, राजेश श्रीवास, पंकज द्विवेदी, ओपी चंद्राकर, पवन शर्मा, दिनेश पाण्डेय, ओम प्रकाश शर्मा सहित श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक में उपस्थित थें।

# विकासखण्ड स्तरीय पत्रकार संघ की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता की भूमिका केवल खबरों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि समाज के हर वर्ग की आवाज को स्वर देने में पत्रकारों की सक्रिय भागीदारी आज के समय की आवश्यकता बन चुकी है। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए रविवार को सर्किट हाउस पंडरिया में विकासखंड स्तरीय पत्रकार संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब पंडरिया अध्यक्ष हिमांशु सिंह ठाकुर ने की, जिसमें क्षेत्र के पत्रकारों की समस्याओं, अधिकारों तथा संगठन की मजबूती को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक का प्रमुख मुद्दा प्रेस क्लब भवन का निर्माण रहा, जिसे लेकर पत्रकारों ने एकमत होकर प्रस्ताव पारित किया। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रस्तावित मुलाकात के संबंध में भी रणनीति पर विचार किया गया।

बैठक में पत्रकारों ने स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों के दौरा कार्यक्रम की जानकारी पत्रकारों तक उपलब्ध कराने की बात कहीं। बैठक में पत्रकार संघ प्रदेश सचिव निर्मल सलूजा, पंडरिया पत्रकार संघ अध्यक्ष संजू तिवारी, प्रेस क्लब सचिव गुरुनाम छाबड़ा, कोषाध्यक्ष नंद किशोर तिवारी, सह-सचिव प्रदीप रजक, कार्यकारिणी सदस्य पारस शर्मा, रविनंदन पांडेय, केसरीनंदन तिवारी सहित अनिल गायकवाड़, भरत पाठक, राजू जैन समेत अनेक पत्रकार उपस्थित थें।

बैठक ने यह संदेश दिया कि पत्रकार केवल खबरें संकलित नहीं करते, बल्कि समाज और प्रशासन के बीच एक पुल की भूमिका निभाते हैं और उनके प्रति सम्मान और सहयोग की भावना ही लोकतंत्र को सशक्त बना सकती है।

## भोरमदेव में ज्वाईन हैण्डस संस्था का सोमवार को चौथा विशाला भण्डारा आज



**हरिभूमि कवर्धा।** सावन के पावन माह में श्रद्धालुओं की सेवा के संकल्प के साथ ज्वाइन हैंड्स संस्था द्वारा भोरमदेव में चौथे सोमवार 4 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि सुबह 5 से 7 बजे तक चाय-नाश्ते और फिर सुबह 7:30 बजे से शाम 6 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए भरपेट भोजन की व्यवस्था की गई है। पिछले सोमवार को भी हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में भोजन प्रसाद ग्रहण किया था, जिसमें बड़ी संख्या में पदयात्री एवं कांवडिएं शामिल थे। अमरकंटक सहित विभिन्न स्थानों से भोरमदेव की पदयात्रा पर आने वाले कांवड़ियों और व्रतधारी श्रद्धालुओं के लिए अलग से भोजन व्यवस्था की गई है। संस्था की ओर से बताया गया कि व्रतधारियों की शुद्धता और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भोजन प्रसाद तैयार किया गया है। ज्वाइन हैंड्स संस्था विगत 14 वर्षों से सावन मास में भंडारे का आयोजन कर रही है। अब तक लगभग 6 लाख से अधिक श्रद्धालु इस सेवा का लाभ ले चुके हैं। संस्था का एक ही उद्देश्य है बाबा भोरमदेव के दरबार से कोई भी भूखा ना जाए। इस वर्ष भंडारे में पूड़ी, चावल, दाल, चना-आलू की सब्जी, अचार तथा मिठाई में मालपुआ और जलेबी की व्यवस्था की गई है। दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधा भंडारा स्थल पर दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर और कुर्सी-टेबल पर भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी आरामदायक व्यवस्था की गई है, जिससे वे सुविधा के साथ भोजन कर सकें। भोरमदेव मंदिर में प्रतिवर्ष सावन माह में 4 से 5 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में ज्वाइन हैंड्स संस्था की यह सेवा सामाजिक समर्पण और श्रद्धा का अनुपम उदाहरण है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया हरेली तिहार दिखा सांस्कृतिक विरासत का अनूठा प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डातराई में हरेली तिहार बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और कृषि परंपराओं को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि यंत्रों का विधिवत पूजन व छत्तीसगढ़ का पारम्परिक व्यंजन चिला का भोग लगाकर किया। जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक हरे रंग का वेशभूषा धारण कर विद्यालय पहुंचे। वहीं हरेली उत्सव में हरे रंग के वस्त्र पहनकर प्रकृति और हरियाली के प्रति श्रद्धा और आभार व्यक्त किया। यह रंग जीवन, उर्वरता, नवजीवन और समृद्धि का प्रतीक है, जो मानसून के मौसम में प्रकृति के हरे-भरे रूप से मेल खाता है। जिसमें लोकनृत्य और गीत पर स्कूली बच्चों ने गेड़ी नृत्य, कर्मा नृत्य और छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर मनमोहक प्रस्तुति व नारियल फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वनस्पति कला की एक रोमांचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और वनस्पति विज्ञान के ज्ञान का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम और कलात्मक कौशल को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने पत्तियों, फूलों, टहनियों और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग करके आकर्षक कलाकृतियां बनाई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें। पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## बोल बम...



*हरिभूमि कवर्धा। श्रावण मास के पावन पर्व पर जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम दलसाटोला के कांवड़ियां अमरकंट से पहुंचे भोरमदेव, लोगो के लिए रहे आकर्षण का केन्द्र।*

# उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सचिन गुप्ता को मिला सदस्यता दीप पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई



भाजपा द्वारा चलाए गए प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान के अंतर्गत कवर्धा जिले से युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सचिन गुप्ता ने 1752 से अधिक सक्रिय सदस्य बनाकर जिले में सर्वाधिक सदस्यता दर्ज की है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उन्हें सदस्यता दीप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रदेश सदस्यता प्रभारी अनुराग सिंह देव सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया। सचिन गुप्ता भाजपा युवा मोर्चा के एक सक्रिय, ऊर्जावान और लोकप्रिय नेता हैं, जिनकी युवाओं में गहरी पैठ है। वे लगातार पार्टी की राष्ट्रनीति से प्रेरित होकर सेवा कार्यों में संलग्न रहते हैं और संगठन को सशक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है कि आज वे युवा मोर्चा का चेहरा बनकर उभर रहे हैं। सदस्यता अभियान के अंतर्गत कवर्धा जिले से श्रीमती भावना बोहरा को भी सक्रिय सदस्यता में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर डॉ रमन सिंह, विजय शर्मा, संतोष पांडेय, राजेंद्र चंद्रवंशी, मोतीराम चंद्रवंशी, अशोक साहू, रामकुमार भट्ट, ईश्वरी साहू, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सचिन गुप्ता को बधाई एवं उनके उज्जवल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# आरपीएस स्कूल में प्री-रक्षाबंधन व थाली सजाओ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



धागे महज एक धागे ही नहीं होते, बल्कि ये भाई-बहन के अपार प्रेम के प्रतीक, जिसे बंधवाकर भाई अपनी बहन की सुरक्षा का संपूर्ण दायित्व स्वयं के सिर पर ले लेता है। इसी महत्व को प्रतिपादित करने के उद्देश्य से नगर के श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल में शनिवासरीय प्रतियोगिताओं की कड़ी में राखी बनाओ एवं थाल सजाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्री-प्राईमरी विंग के बच्चों द्वारा अपने छोटे-छोटे भाइयों का टीका लगाकर, आरती सजाकर एवं मुंह मीठा कराकर नन्हीं कलाईयों पर राखी सजाई गई, जिस पर छोटे-छोटे भाईयों ने उन्हें आकर्षक उपहार चॉकलेट एवं पेंसिल, रबर, कटर देकर उनकी सुरक्षा का प्रण लिया। वहीं कक्षा पहली से बारहवीं तक के बच्चों ने भी अपनी हस्त कला का प्रदर्शन करते हुए रंग-बिरंगी धागों, मोतियों, स्टिकर और बहुत सारी सजावट सामग्रियों से अपनी रंग-बिरंगी राखियां बनाई एवं प्रदर्शित की।

थाली सजाओं प्रतियोगिता में कक्षा पहलीं से दूसरी वर्ग में प्रियांश चन्द्रवंशी प्रथम, धैर्य चन्द्रवंशी ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 3रीं से 5वीं वर्ग में पियुष पाटले प्रथम, सिद्धी चौबे द्वितीय व अनय चन्द्रवंशी और संस्कार चन्द्रवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं 6वीं से 8वीं संवर्ग में प्रथम जेसिका, द्वितीय ओजस्वी एवं तृतीय डिम्पी संध्या रही। कक्षा 9वीं से 12वीं संवर्ग के विद्यार्थियों में प्रथम स्थान तन्यम, द्वितीय स्थान देविका एवं तृतीय स्थान पुष्पेन्द्र और शिखा ने प्राप्त किया। तथा राखी बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा 1लीं से 2रीं वर्ग में खुशांष यदु, सेवंतिका साहू व स्वर्णा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 3रीं से 5वीं वर्ग में मुकेश्वरी, आरव राव ने प्रथम, छवी रात्रे, रितेश चन्द्रवंशी ने द्वितीय व प्रिंस खुसरो, रागिनी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 6वीं से 8वीं वर्ग के विद्यार्थियों में प्रथम स्थान परिधि कौशिक एवं छाया धुर्वे, द्वितीय किरण साहू एवं पवित्रा अनंत तथा तृतीय स्थान नित्याश्री एवं प्रांशी जायसवाल स्थान पर रहे। वहीं 9वीं से 12वीं वर्ग में विद्यार्थियों में प्रथम स्थान झरना साहू, द्वितीय स्थान पर नेहिसिका एवं कुसुम साहू तथा तृतीय स्थान पर मल्लिका चन्द्रवंशी रहे। प्रतियोगिता के संबंध में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आदित्य चन्द्रवंशी ने इसके महत्व पर अपना व्याख्यान दिया, वहीं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने राखी के इतिहास व इसके मनाने के पीछे की विभिन्न मान्यताओं पर प्रकाश डाला। आयोजन की सफलता हेतु सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### सावन के अंतिम सोमवार को लेकर भक्तों में उत्साह

**कवर्धा।** शिव भक्ति की अराधना के श्रावण मास के अंतिम सोमवार को लेकर शिवभक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रावण मास के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को अंचल के शिवालय भोरमदेव, डोंगरिया तथा कवर्धा में उमड़ने वाली शिव भक्तों व कांवड़ियों की भारी भीड़ को देखते हुए खासे इंतजाम किए गए है। जानकारी के मुताबिक श्रावण मास के अंतिम सोमवार को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में कांवड़ियां मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर यहां पहुंचे हैं। वहीं शिव भक्तों की भी यहां बड़ी संख्या में पहुंचने की संभावना है।

### किसानो को मिला सम्मान निधि की राशि

**कवर्धा।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि के 20 वें किस्त जारी किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान से हुआ। प्रदेश के 25 लाख 47 हजार से अधिक किसानों के खाते में 20 वें किस्त का 553 करोड़ से अधिक राशि का हस्तांतरण किया गया, जिसमें से कबीरधाम जिले में 1 लाख 17 हजार से अधिक किसानों के खातों में 24 करोड़ से अधिक राशि का हस्तांतरण किया गया। केन्द्र सरकार द्वारा किसानो को दी गई इस सम्मान निधि की राशि से किसानो में भी खुशी देखने को मिल रही है। किसानो का मानना है कि तीज त्यौहारों के इस सीजन में उनके लिए यह राशि बेहद उपयोगी साबित होगी।

**आयोजन:** पीएम मोदी के विकसित भारत के विजन में हर वर्ग, हर क्षेत्र व हर समुदाय की भागीदारी अनिवार्य: उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

# संपूर्णता अभियान के तहत तीन दिवसीय आकांक्षा हाट मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित संपूर्णता अभियान के तहत आज इनडोर स्टेडियम, पीजी कॉलेज ग्राउंड, कवर्धा में आयोजित तीन दिवसीय आकांक्षा हाट मेले का भव्य शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर संपूर्णता अभियान के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं फ्रंटलाइन वर्करों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उप मुख्यमंत्री और विधायकों ने स्व सहायता समूह और विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और स्व सहायता समूह के स्टॉल से सामग्री भी खरीदी। संपूर्णता अभियान में जिले ने पूरे प्रदेश में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है। आकांक्षा हाट मेला 3 से 5 अगस्त 2025 तक कवर्धा स्थित आचार्य पंथ श्री हकनाम साहेब बहुउद्देशीय भवन में आयोजित किया जा रहा है। मेले में स्व-सहायता समूहों द्वारा स्थानीय संसाधनों से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है।

घरेलू उपयोग की वस्तुओं से लेकर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों, बच्चों के लिए मीना बाजार और खेल गतिविधियों तक, मेले में ग्रामीण अर्थव्यवस्था और संस्कृति का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया गया है। इसके साथ शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाकर आम जनता को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आकांक्षा हाट मेला के शुभारंभ पर कहा कि आकांक्षी जिलों और विकासखंडों में सिर्फ बुनियादी ढांचे का विकास नहीं, बल्कि मानव विकास सूचकांकों जैसे पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि क्षेत्रों में समग्र सुधार लाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन में हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर समुदाय की भागीदारी अनिवार्य है।

इसी सोच के तहत केंद्र सरकार ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है, जिसके माध्यम से वनवासी क्षेत्रों में आवास, पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुएं गुणवत्ता में उत्कृष्ट हैं। इन उत्पादों के लिए व्यापक विपणन व्यवस्था की जा रही है।

उन्होंने बताया कि ऑनलाईन कंपनियों से समन्वय स्थापित कर स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही उन्होंने एनआरएलएम अधिकारियों को निर्देशित किया कि कवर्धा समेत अन्य जिलों तथा रायपुर के प्रमुख विक्रय केन्द्रों में भी इन समूहों के लिए बिक्री व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए सीएलएफ स्तर पर महतारी सदन का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। महतारी समूहों को अपने ही ग्राम पंचायत में भुगतान प्राप्त हो सके, इसके लिए हर विकासखंड में 10 डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है। आने वाले महीनों में प्रदेश के 6 हजार से अधिक पंचायतों में डिजिटल सुविधा केंद्र खोले जाएंगे।



### भाजपा सरकारों के प्रयासों से महिलाएं आत्मनिर्भर: भावना बोहरा

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने आकांक्षा हाट मेले के अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार लगातार नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठा रही है। राज्य सरकार की योजनाओं और सहयोग से आज महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और विभिन्न व्यवसायों के माध्यम से अपने परिवार को आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों ने आज यह साबित कर दिया है कि यदि अवसर मिले और उचित मार्गदर्शन मिले, तो महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं को हर महीने 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें आत्मबल मिला है और वे अपने कार्यों को और अधिक विस्तार दे पा रही हैं। विधायक श्रीमती बोहरा ने महिला समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि यह मेला आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा रहा है, जिससे वे न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा भी बन रही हैं।

### महतारी के गोठ कार्यक्रम 31 अगस्त से

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि 31 अगस्त, रविवार को महतारी के गोठ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश प्रसारित होगा। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात' के तुरंत बाद प्रसारित किया जाएगा। इस मंच से महिला स्व-सहायता समूहों के उत्कृष्ट कार्यों और सफलता की कहानियों को भी साझा किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जानकारी दी कि राज्य सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख आवासों को स्वीकृति दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि आवास योजनाओं से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 18002331290 जारी किया गया है।

# जिला प्रभारी गुरु रूद्र कुमार ने ली कांग्रेस की संगठनात्मक समीक्षा बैठक

**मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर तक पुनर्गठन का लिया गया संकल्प**




- कांग्रेसियों में दिखा जबरदस्त जोश, नई ऊर्जा और उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित शहर कांग्रेस कार्यालय में रविवार को कांग्रेस कर संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

जिला प्रभारी गुरु रुद्र कुमार की अध्यक्ष में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सभी ब्लॉक प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मोर्चा संगठनों के प्रतिनिधि, सेक्टर प्रभारी एवं सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का आयोजन मुख्य रूप से जिले में मंडल, सेक्टर और बूथ स्तर तक कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन की रूपरेखा बनाना, संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय करना और कांग्रेस को एक प्रभावशाली एवं जवाबदेह विपक्ष के रूप में स्थापित करना है। बैठक में जिला प्रभारी गुरू रूद्र कुमार ने उपस्थित प्रत्येक ब्लॉक प्रभारी एवं अध्यक्ष से उनके कार्य क्षेत्र, संगठन की सक्रियता, कमजोर बिंदुओं तथा कार्यकर्ताओं की स्थिति की जानकारी ली गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी गुरु रुद्र कुमार ने कहा कि आज संगठन को नए उत्साह और जोश के साथ खड़ा करने का समय है। कांग्रेस केवल चुनाव लड़ने की पार्टी नहीं है, यह जनआंदोलनों की आत्मा है। हमें अपने संगठन को फिर से उस स्थिति में लाना है, जहां वह जनता की आवाज बनकर सत्ता से सवाल पूछ सके। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सशक्त हो, इसके लिए आज की बैठक एक निर्णायक शुरुआत है। उन्होंने आगे कहा हमारा लक्ष्य केवल पुनर्गठन नहीं, संगठन को मजबूत करना है, प्रत्येक ब्लॉक प्रभारी, मंडल प्रभारी और बूथ प्रतिनिधि को अब यह समझना होगा कि संगठन का भार उन्हीं के कंधों पर है। हमें फील्ड में दिखने वाले, सक्रिय और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध कार्यकर्ता चाहिए जो सेवा करें, संघर्ष करें और समाज से जुड़े रहें। बैठक का संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा संगठन की असली ताकत नेता नहीं, बल्कि कार्यकर्ता होता है।

यह बैठक कोई औपचारिक सभा नहीं, बल्कि आने वाले आंदोलन और संघर्षों की रणनीति तय करने का केंद्र बिंदु है। हमने सभी ब्लॉकों से फीडबैक लिया है, अब उस पर कार्य होगा। निष्क्रियता को नहीं, सक्रियता को सम्मान मिलेगा। जो संगठन के लिए समय देगा, उसी को नेतृत्व में जगह मिलेगी। उन्होंने आगे कहा: आज जनता सत्ता से परेशान है, लेकिन उसे विकल्प की तलाश है और वह विकल्प कांग्रेस ही है। लेकिन यह तभी संभव है जब हम ब्लॉक से लेकर बूथ तक एक मजबूत, जवाबदेह और प्रेरक संगठन तैयार करें। उन्होने कहा कि युवा, महिलाएं और ग्रामीण कार्यकर्ता हमारी रीढ़ हैं इनकी भागीदारी के बिना संगठन की कल्पना अधूरी है। हम नेतृत्व नहीं, कार्यकर्ता आधारित राजनीति को आगे बढ़ाएंगे।

# आकांक्षा हाट मेला में अव्यवस्थाओं को लेकर पंडरिया विधायक भावना ने दिखाई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिला मुख्यालय कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान स्थित इनडोर स्टेडियम में रविवार से प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय आकांक्षा हाट मेला पहले ही दिन अफसरशाहों की मनमानी तथा गैर जिम्मेदारी की भेंट चढ़ गया। जिसे लेकर कार्यक्रम की अध्यक्षता करने पहुंची पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने जमकर नाराजगी भी दिखाई। बताया जाता है कि कार्यक्रम में भारी अव्यवस्था, महिलाओं की बैठक व्यवस्था, जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की गैर मौजूदगी को लेकर श्रीमती बोहरा ने सार्वजनिक रूप से माईक पर आयोजकों को खरी-खरी सुनाई। उन्होने जि म्मे दा र अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा यह मेला राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से एक है, लेकिन यहां जो हालात हैं, वह शर्मनाक हैं। उन्होने कड़े शब्दों में कहा जिम्मेदार अधिकारी सामने आएं और तुरंत व्यवस्था सुधारें। विधायक बोहरा की नाराजगी यहीं नहीं रूकी, उन्होंने तीखे शब्दों में अफसरों की गैरमौजूदगी, स्वागत की शून्य व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण में लापरवाही और आयोजकों की अनदेखी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की घोर लापरवाही ठीक नहीं है। बताया जाता है कि पंडरिया विधायक की सख्त फटकार के बाद आयोजकों में हड़कंप मच गया। अफसर आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की कोशिशें शुरू की गई। हालांकि बाद में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि आकांक्षा हाट मेला 3 से 5 अगस्त 2025 तक कवर्धा स्थित आचार्य पंथ श्री हकनाम साहेब बहुउद्देशीय भवन में आयोजित किया जा रहा है। मेले में स्व-सहायता समूहों द्वारा स्थानीय संसाधनों से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है। घरेलू उपयोग की वस्तुओं से लेकर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों, बच्चों के लिए मीना बाजार और खेल गतिविधियों तक, मेले में ग्रामीण अर्थव्यवस्था और संस्कृति का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया गया है। इसके साथ शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाकर आम जनता को लाभान्वित किया जा रहा है। मेले के शुभारंभ अवसर पर यहां भारी भीड़ देखने को मिली।



# पंडरिया-कुई-कुकदुर मार्ग अब सीसी कैमरे की नजर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा को सीधे मध्यप्रदेश से जोड़ने वाले बेहद संवेदनशील पंड़रिया बजाग में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं व तस्करी सहित दूसरे आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने अब मार्ग में तीसरी नजर तैनात की गई है।

जानकारी के मुताबिक इस मार्ग में सीसी कैमरा लगाया गया है। जिसे कुई-कुकदुर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं अमन पेट्रोल पम्प कुई के बीच लगा गया है। माना जा रहा है कि अब इस सड़क से आने जाने वालों की सीसी कैमरा से निगरानी हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि पंडरिया-बजाग मार्ग छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश दो राज्यो को जोड़ने वाले बेहद संवेदनशील अंतर राज्यीय सड़क मार्ग है। जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में वाहनो का आना जाना लगा रहता है।

इस मार्ग का उपयोग तस्कर भी करते हैं और विभिन्न आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। इसके अलावा यह मार्ग सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से भी बेहद संवेदनशील है।

कई वाहन चालक सड़क दुर्घटनाओं को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो जाते हैं। लेकिन अब सीसी कैमरा लग जाने से इस पर लगाम लग सकती है। वनांचल क्षेत्र के लोगों ने इस व्यवस्था पर खुशी जाहिर की है।



**50 वर्ष बाद स्कूल में एक मंच के नीचे आए सहपाठी मिले, शाला भूमि को प्रणाम किया**

# स्वामी करपात्री विद्यालय में गोल्डन जुबली मीट कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर के स्वामी करपात्रीजी विद्यालय में गोल्डन जुबली मित्र मिलन समारोह आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें इस विद्यालय से 1975 में विज्ञान एवं कला संकाय में हायर सेकेंडरी करने वाले पूर्व छात्रगणों द्वारा शाला भूमि प्रणाम, मित्र मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होकर अपने अतीत को याद किया। इस अवसर पर 50 वर्ष पूर्व विद्यालय से हायर सेकेंडरी करने वाले 40 छात्रों की गरिमामय उपस्थिति में समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि विद्यालय के 50 वर्ष पूर्व हायर सेकेंडरी करने वाले सभी सीनियर्स विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित व प्रतिष्ठित हैं। आज विद्यालय में उनकी उपस्थिति से हम आल्हादित हैं। समारोह के संयोजन में व 1975 बैच के विद्यार्थियों के संकलन में गुलाब श्रीश्रीमाल, बीपी गुप्ता, आनन्द तम्बोली एवं ज्ञानचंद जैन ने उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन किया। इस अवसर पर विद्यालय के वर्तमान प्राचार्य डीएस जोशी का भी सम्मान किया गया। समारोह को नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, आनंद तम्बोली, अजय चन्द्रवंशी, डॉ. झम्मनलाल शर्मा, वनीत छाबड़ा, केके वर्मा आदि ने भी संबोधित किया और अपने संस्मरण सुनाए। वर्ष 2025 में विद्यालय के कक्षा 12 वीं के टॉपर्स में से क्रमशः विद्यालय की टॉपर हिंगलाज नारंग कला संकाय, साइंस की टॉपर दुर्गेश्वरी साहू, कॉमर्स के टॉपर राकेश कुमार श्रीवास, कृषि की टॉपर विद्यासिनी चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया। समारोह के प्रारंभ में मां सरस्वती का पूजन अर्जन हुआ। गुलाब श्रीश्रीमाल ने अपने बैच के विद्यार्थियों का परिचय दिया एवं बीपी गुप्ता ने उनके हायर सेकेंडरी के रोल नंबर भी बताएं। तत्पश्चात तत्कालीन दिवंगत व्याख्याताओं शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को याद किया गया व श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। गेंदलाल केसरी ने जीवन से भरी तेरी आंखें... गीत का सुमधुर गायन कर विद्यार्थी जीवन की यादें ताजा कीं तो बीपी गुप्ता ने शिव भजन व ए मेरे प्यारे वतन... देशभक्ति गीत गाकर समा बांधा। व्याख्याता जेके सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के गौरवशाली इतिहास का वर्णन किया। अपनी तरह के इस अनूठे कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य पार्षदगण डोनेश ठाकुर एवं दीपक सिन्हा सहित विद्यार्थियों एवं शाला परिवार की उपस्थिति रही। पूर्व छात्रों ने विद्यालय के विकास व उत्कृष्टता बनाए रखने पर चर्चा की, वनीत छाबड़ा ने विद्यालय के निर्धन विद्यार्थियों हेतु प्रतिवर्ष 10000 रूपए देने की घोषणा की। बीपी गुप्ता ने दूर-दूर से आए हुए सहपाठियों के साथ ही सभी के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होने उम्मीद की कि ऐसे आयोजनों की एक श्रृंखला चले, जिससे विद्यालय के वर्तमान शिक्षक व अध्ययनरत छात्र उत्प्रेरित होंगे।




# कवर्धा नगर के वार्डों की सफाई व्यवस्था का हाल बेहाल: तुकाराम चन्द्रवंशी

## गंदगी व कूड़ा करकट से अटा पड़ा डिप्टी सीएम का वार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने कवर्धा नगर के वार्डो की सफाई व्यवस्था में कोताही बरतने का आरोप नगर पालिका प्रशासन तथा नपा के सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों पर लगाया है।

श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि नगर पालिका कवर्धा द्वारा सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के नाम पर लगातार लाखों के वाहनो और संसाधनो की खरीदी कर रही है और साफ-सफाई का ढ़िढ़ौरा पीट रही है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे विपरीत है। उन्होने बताया कि कवर्धा नगर का वार्ड क्रमांक 27 मां विंध्यवासनी वार्ड कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री का वार्ड है। लेकिन यहां की साफ सफाई व्यवस्था का हाल बेहाल है। वार्ड की नालियां और नाले गंदगी, कूड़ा, करकट से अटी पड़ी है।

स्थिति ये है इससे पानी की निकासी तक नहीं हो पा रही है। नालियों में अटी पड़ी गंदगी के चलते जहां बदबू फैल रही है वहीं मच्छरों का भारी प्रकोप बढ़ गया है जिससे वार्डवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं बारिश के इस सीजन में संक्रमित व मच्छर जनित बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। श्री चन्द्रवंशी ने वार्डवासियों के हवाले से बताया कि वार्डवासी इस संबंध में कई बार नगर पालिका कवर्धा के समक्ष वार्ड की नालियों की साफ-सफाई कराए जाने की अर्जी विनती कर चुके हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन और सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों के कानो में जूं तक नहीं रेंग रही है।

श्री चन्द्रवंशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के वार्ड का ये हाल है तो समझा जा सकता है कि नगर के दूसरे वार्डो का क्या हाल होगा। उन्होने कहा कि जल्द ही वार्ड क्रमांक 27 में विशेष सफाई अभियान चलाकर व्यवस्था दुरूस्त नहीं की गई तो वार्डवासियों के साथ आंदोलन किया जाएगा।